RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-238 | जयपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | मूल्य-4 रुपये

## देश जानता है कांग्रेसी पहले से नंगे-प्रधानमंत्री मोदी

### पीएम बनना चाहते हो तो लोगों के दिल जीत, मेरठ में रैपिड-मेट्रो रेल का उद्घाटन किया

मेरठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई समिट में कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने को लेकर कांग्रेस पर भड़क गए। मेरठ में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। पूरा देश गर्व से भर गया, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया? वैश्विक आयोजन को गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतारकर पहुंच गए।

मोदी ने कहा- मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं- देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो। फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी? कांग्रेस के नेताओं ने जो कुछ किया, वो दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से कितनी दिवालिया और दरिद्र हो गई है।

मोदी ने कहा- देखिए दिल्ली में जो हुआ, क्या उसमें TMC, DMK या बसपा के लोगों ने पाप किया... नहीं किया। सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस के सरफिरे और बेलगाम नेता देश को तबाह करने पर तुले हैं। अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है तो पहले आपको लोगों के दिल जीतने होंगे।

इससे पहले, मोदी ने मेरठ मेट्रो और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई। स्कूली बच्चों और डॉक्टरों के साथ सफर किया। उनसे



बातचीत की। 12,930 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

रैपिड रेल से दिल्ली से मेरठ की 82.15 किमी दूरी सिर्फ 55 मिनट में पूरी होगी। ट्रेन मेरठ मोदीपुरम से शुरू होकर दिल्ली के सराय काले खां तक जाएगी। 13 स्टेशनों से होकर गुजरेगी। पूरे सफर में दो स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे, जबकि बाकी का सफर एलिवेटेड होगा। मेट्रो बेगमपुल से मेरठ साउथ तक जाएगी। इसमें 7 स्टेशन बनाए गए हैं। मेट्रो का किराया 20 से 60 रुपए, जबकि रैपिड रेल का 20 से 210 रुपए तक होगा।

कांग्रेस-सपा से कहा था जहरीली राजनीति छोड़िए पीएम मोदी ने कहा- मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं। लेकिन, इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में 5 ही शहरों में मेट्रो थी। आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है।

पहले इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे मोदी ने कहा- जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी।

कांग्रेस अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी उन्होंने कहा- हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन, कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये एआई ग्लोबल समिट भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था।

देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा मोदी ने कहा- पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता लाजने के बजाए गाजते हैं। बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे तो अपने साथी को भी बोलना का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है।

### मोदी ने संसद में कुर्सी घेरने पर चुप्पी तोड़ी

## कांग्रेस से बोले- महिला सांसदों को भेजकर, सीट पर कब्जा करके प्रधानमंत्री नहीं बन सकते

**उत्तर प्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 दिन पहले लोकसभा में कांग्रेस की महिला सांसदों के कुर्सी घेरने पर चुप्पी तोड़ी है। पीएम ने रविवार को मेरठ में कहा, कुर्सी पर बैठने से पहले जनता का दिल जीतना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला सांसदों को आगे कर सीट पर कब्जा कर प्रधानमंत्री नहीं बना जा सकता।

पीएम मोदी ने कांग्रेस से सवाल पूछा- क्या आप इतने खोखले हो गए हैं कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो? पीएम ने आगे कहा, कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है और उसकी राजनीति जनभावनाओं से कट चुकी है।

**पीएम मोदी बोले- कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है**

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के बेलगाम नेता देश को तबाह करने पर तुले हुए हैं। अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है, तो पहले आपको जनता के दिल जीतने पड़ेंगे। महिला सांसदों को भेज कर, सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो?

पीएम ने कहा, कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। मुझे इस बात का संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं इसके लिए विपक्ष के इन साथियों का उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

## राहुल गांधी बोले-मोदी जी एपस्टीन फाइल्स में आपका नाम आया

### आपने देश को बेचा, शर्म आपको आनी चाहिए



नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा- मोदी जी एपस्टीन फाइल्स में आपका नाम आया, शर्म आपको आनी चाहिए। आपने अमेरिका से ट्रेड डील करके देश को ट्रम्प के हाथों बेच दिया।

पूरा देश जानता है, अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस ने आपकी रातों की नींद उड़ा रखी है, क्योंकि वो बीजेपी और आपके फाइनेंशियल आर्किटेक्चर पर केस है। दरअसल, पीएम मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के मेरठ में कहा था कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट में कांग्रेसियों को नंगा होने की जरूरत नहीं थी। कांग्रेसी पहले से ही नंगे हैं।

20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर एआई समिट के दौरान शर्टलैस होकर मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।

### पीएम ने जनता से पूछा था- एआई सम्मेलन पर क्या कहोगे

पीएम ने पूरे भाषण में केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लिया था। अन्य दलों का नाम उनके 36 मिनट के भाषण में कहीं नहीं था। उन्होंने सीधे कहा- मेरठ वालों बताओं ये एआई सम्मेलन से आपको गर्व हुआ या नहीं? आपका माथा ऊंचा हुआ या नहीं। ये काम भारत के लिए हुआ या नहीं। भारत के भाग्य को बदलने के लिए हुआ या नहीं? पूरा देश गर्व से भर गया। लेकिन, कांग्रेस और इनके इको सिस्टम ने क्या किया?

कांग्रेस ने भारत के वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं- देश तो जानता है कि आप पहले से नंगे हो। फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी? कांग्रेस करती है और खामियाजा विपक्षी दल उठाते हैं।

## पूर्व भाजपा सांसद ने मुस्लिम महिलाओं से कंबल वापस लिए

### जौनापुरिया बोले-जो मोदी को गाली देता है, उसे ये लेने का हक नहीं

निवाई

टोंक के पूर्व बीजेपी सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कंबल वितरण कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं से कंबल वापस ले लिए। जौनापुरिया ने कहा-'जो मोदी को गाली देता है, उसे ये कंबल लेने का हक ही नहीं है। पूर्व सांसद कंबल बांट रहे थे तभी एक महिला से उसका नाम पूछा। सकुरान खान सुनते ही भड़क गए, कहा- हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दो।

मामला निवाई क्षेत्र के करेड़ा बुजुर्ग गांव में स्थित सीताराम जी मंदिर परिसर में रविवार दोपहर



3:30 बजे का है। महिलाओं का कहना है कि पूर्व सांसद ने पहले उन्हें कंबल दे दिया। जब पता चला कि वे मुस्लिम हैं तो कंबल वापस ले लिया। वहीं जौनापुरिया ने कहा-यह मेरा पर्सनल कार्यक्रम था, सरकारी स्कीम नहीं थी।

### मुस्लिम महिलाओं को देखकर पूर्व सांसद हुए नाराज

जानकारी के करेड़ा बुजुर्ग गांव में स्थित सीताराम जी मंदिर में पूर्व सांसद ने कंबल वितरण कार्यक्रम रखा था। कार्यक्रम में कुछ मुस्लिम महिलाएं भी बैठीं थीं। इस पर पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया बोले-'क्या नाम हे तेरा। महिला ने कहा- सकुरान खान।

इस पर उन्होंने कहा- देखो बात सुनो। जो आप लोग बैठते हैं ना, जो मोदी को गाली देने वाला है, उसे ये कंबल लेने का हक ही नहीं है। चाहे किसी को भी बुरा लगे। सीधी बात है। आप कंबल ले जाओगे तो कहोगे कि बना दिया बेवकूफ। इसलिए आप इधर हटो। कंबल यहीं छोड़ दो। ' पूर्व सांसद ने कंबल वितरण को मना कर दिया। भाजपा के स्थानीय नेताओं से कहा- आपको बुलाकर बैठाना है तो बैठाइए, मेरा तो नहीं है। चाहे बुरा मानो चाहे भला मानो।' इस दौरान जब जौनापुरिया जाने लगे तो कुछ लोगों ने टोका तो जौनापुरिया बोले-'बहस की जरूरत नहीं है। ये सरकारी नहीं है।'

## देश की पहली आतंकवाद-विरोधी नीति प्रहार जारी

### इसमें कहा- आतंकवादी इंटरनेट के जरिए भर्तियां और जिहाद का महिमामंडन करते हैं

नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने सोमवार को भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। इसका नाम है प्रहार-। आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है।

केंद्र ने पहले पेज पर इंट्रोडक्शन और प्रहार का फुल फॉर्म बताया है। इंट्रोडक्शन में लिखा है- कुछ पड़ोसी देशों ने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया है। फिर भी भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, देश या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता। नीति में कहा गया है कि



आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल आपस में संपर्क, संगठन में भर्ती और जिहाद के महिमामंडन के लिए करते हैं। सरकार ने नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता।

सरकार ने प्रहार में कहा है कि भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति में आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है। सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

नीति में कहा गया है कि विदेशों की जमीन से काम करते हुए आतंकियों ने भारत में हिंसा फैलाने की साजिशें रची हैं। उनके संचालक (हैंडलर) ड्रोन समेत नई तकनीकों का इस्तेमाल कर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों और हमलों को अंजाम देने में मदद करते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि आतंकी संगठन अब तेजी से संगठित आपराधिक गिरोहों की मदद ले रहे हैं, ताकि लॉजिस्टिक सपोर्ट और भर्ती के जरिए भारत में आतंकी हमले कर सकें। प्रचार, आपसी संपर्क, फंडिंग और हमलों को दिशा देने के लिए ये आतंकी समूह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं।

## टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

मुम्बई

टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज ने सोमवार को जिम्बाब्वे पर 107 रन की जीत दर्ज की। मुंबई के वनखड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में 10 रिकॉर्ड और रोचक मोमेंट्स देखने को मिले।

## झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश, 7 की मौत

रांची

झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा में क्रैश हो गया। प्लेन में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। रेडबर्ड कंपनी का बीचक्राफ्ट किंग एयर बी90 एक एयर एंबुलेंस था। फ्लाइट ने सोमवार शाम 7:11 बजे रांची से उड़ान भरी, 7:34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन झारखंड के चतरा जिले के समरिया के जंगलों में क्रैश हो गया।

प्लेन में कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह ( को-पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पैरामेडिकल स्टाफ) सवार थे।

मरीज को इलाज के लिए दिल्ली लेकर जा रहा था विमान

रांची के देवकमल हॉस्पिटल के CEO, अनंत सिन्हा ने PTI को बताया कि एयर एम्बुलेंस का इंतजाम एक मरीज ने किया था। उन्होंने कहा, 'लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले मरीज संजय कुमार (41) को 16 फरवरी को 65 परसेंट जलने की हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। सिन्हा ने आगे कहा कि परिवार वालों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने का फैसला किया। मरीज को लगभग 4.30 बजे हॉस्पिटल से दिल्ली के लिए ले जाया गया। शाम को विमान हादसे में मरीज के साथ जा रहे सभी लोगों की मौत हो गई।

## मेक्सिको में ड्रग माफिया की मौत से 20 राज्यों में हिंसा

### समर्थकों ने 20 बैंक फूंके, 32 मौतें, इनमें 25 सैनिक; रॉकेट लॉन्चर-हथियारों का जखीरा जब्त



मेक्सिको

ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो की मौत के बाद सोमवार को भी हिंसक प्रदर्शन हुए। बीबीसी के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी है। कई जगह रोडब्लॉक लगाए गए, गाड़ियों और 20 से अधिक सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई।

जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और रॉकेट लॉन्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए।

दरअसल, मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

## आज से ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद:16 लाख करोड़ लौटाने पड़ सकते हैं

वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था।

अमेरिकी र कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने एक बयान में कहा- 1977 के कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (ढ्ढश्वश्वक्क) के तहत लगाए गए टैरिफ की वसूली मंगलवार रात 12 बजकर 1 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे) से बंद कर दी जाएगी। एजेंसी ने इम्पोर्ट्स को निर्देश दिया है कि इन टैरिफ से जुड़े सभी कोड



उसके कार्गो सिस्टम से हटा दिए जाएंगे। पेन व्हार्टन बजट मॉडल के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कोर्ट से इस फैसले से अमेरिकी सरकार को 175 अरब डॉलर (15.75 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई वापस करनी पड़ सकती है।

रॉयटर्स के मुताबिक, IEEPA के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डॉलर (4,500 करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं।

### ट्रम्प बोले- सुप्रीम कोर्ट ने मुझे पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए

राष्ट्रपति ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद सोमवार को कहा कि इस फैसले से उल्टा उनकी ताकत और बढ़ गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनजाने में उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए हैं। ट्रम्प ने कहा, 'मैं कुछ समय तक 'सुप्रीम कोर्ट' स्माल लेटर में लिखेंगे, क्योंकि मुझे इस फैसले का सम्मान नहीं रहा।' उन्होंने फैसले को बेवकूफाना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांटने वाला बताया। इसके बावजूद ट्रम्प का कहना है कि इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि वह दूसरे कानूनों के तहत टैरिफ लगाने की अपनी ताकत का और ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने बाकी बचे टैरिफ को कानूनी तौर पर मजबूत कर दिया है और अब वह उन्हें और ज्यादा सख्त तरीके से लागू कर सकते हैं।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह लाइसेंस जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट ने बाकी सभी टैरिफ को मंजूरी दे दी है और ऐसे टैरिफ की संख्या काफी ज्यादा है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तीन दिन से ज्यादा समय बाद लागू किया जा रहा है। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि इन तीन दिनों में टैरिफ क्यों वसूले जाते रहे। यह भी साफ नहीं किया गया है कि जिन लोगों से पैसा लिया गया है, उन्हें वह वापस मिलेगा या नहीं।

यह आदेश सिर्फ IEEPA कानून के तहत लगाए गए टैरिफ पर लागू होगा। जबकि नेशनल सिक्टोरिटी के नाम पर 'सेक्शन 232' के तहत और अनफेयर ट्रेड केस के 'सेक्शन 301' के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे और उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा।

CBP ने कहा है कि वह व्यापार से जुड़े लोगों को आगे की जानकारी आधिकारिक संदेशों के जरिए देती रहेगी।

# कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर लगाएगी बैन

## –सीएम सिद्धारमैया ने सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मांगी राय




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर बैन लगाने पर विचार कर रही है। राज्य के सीएम सिद्धारमैया ने इस विषय पर सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से राय मांगी है। सरकार का ये कदम छात्रों में बढ़ती सोशल मीडिया की लत और नशीली दवाओं के संपर्क में आने के खतरों को रोकने के लिए उठाया जा रहा है। सीएम ने ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों के उदाहरण देते हुए छात्रों के व्यवहार, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल के प्रभाव को लेकर गहरी चिंता जताई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सिद्धारमैया ने सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक में इस विषय पर राय मांगी है। सीएम ने बैठक में जोर देकर कहा कि आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि बच्चे आज सोशल मीडिया के प्रति जुनूनी हो रहे हैं जो उनके भविष्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कुलपतियों से चर्चा करते हुए कहा कि मोबाइल के जरिए बच्चे नशीली दवाओं के शिकार भी हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि मोबाइल फोन के अनियंत्रित इस्तेमाल से छात्रों की शिक्षा और उनके आचरण पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ही नाबालिग छात्रों के लिए कैंपस में मोबाइल बैन करने पर विचार किया जा रहा है।

बैठक में सीएम ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया समेत कई अन्य देश पहले ही छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर बैन लगा चुके हैं। इसी तर्ज पर कर्नाटक सरकार भी नाबालिग छात्रों को मोबाइल से दूर रखकर उनके मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित करना चाहती है। सीएम ने साफ किया कि चूंकि कुलपति शिक्षा के क्षेत्र में गहरी समझ रखते हैं, इसलिए उनकी राय इस नीति को लागू करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार अब इन विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है, ताकि अंतिम फैसला लिया जा सके।

# राजस्थान में अंतिम मतदाता सूची जारी, कुल 5.15 करोड़ मतदाता दर्ज

जयपुर। राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 27 अक्टूबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक चला। शनिवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें कुल 5,15,19,929 मतदाता शामिल हैं। सभी 199 विधानसभा सीटों के लिए नाम सुनिश्चित किए गए हैं। मसौदा सूची और अंतिम सूची के बीच 10,48,605 (2.08त्न) की शुद्ध वृद्धि हुई। पुरुष मतदाता 2,69,57,881 और महिला 2,45,61,486 हैं। समीक्षा अवधि में लिंगानुपात 909 से बढ़कर 911 हुआ। 18–19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या में 4,35,061 का इजाफा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।

# शरद पवार की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में किया भर्ती, डॉक्टर कर रहे निगरानी



मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के संस्थापक शरद पवार को रविवार को फिर पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी सेहत में उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। उनकी बेटी और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक शरद पवार पिछले कुछ दिनों से खांसी और गले के संक्रमण से जूझ रहे थे। शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे अपने आवास पर थे, लेकिन रविवार सुबह उन्हें अत्यधिक कमजोरी और शरीर में पानी की कमी महसूस हुई। डॉक्टरों की सलाह पर परिवार ने उन्हें तुरंत जांच और चिकित्सकीय देखरेख के लिए अस्पताल में भर्ती करने का निर्णय लिया। सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा– हम बाबा को फॉलो–अप टेस्ट और हाइड्रेशन के लिए पुणे के अस्पताल में भर्ती कर रहे हैं। हम सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 85 साल के शरद पवार को पिछले हफ्ते भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय उन्हें सांस लेने में कठिनाई और सीने में संक्रमण की शिकायत थी। डॉक्टरों ने उन्हें एंटीबायोटिक्स का पांच दिनों का कोर्स दिया और शनिवार को ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें 3–4 दिन पूर्ण विश्राम की सलाह दी थी, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार न होने के कारण उन्हें दोबारा भर्ती करना पड़ा। बता दें हाल ही में पवार परिवार पर आए दुखों के पहाड़ ने भी वरिष्ठ नेता के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाला है। जनवरी के अंत में एक विमान हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और उनके भतीजे अजित पवार के असामयिक निधन के बाद से शरद पवार बारामती में परिवार को संभालने में व्यस्त थे। इस दौरान हुई भागदौड़ और मानसिक तनाव ने उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर डाला है। डॉक्टरों के मुताबिक शरद पवार की स्थिति फिलहाल स्थिर है। उनके महत्वपूर्ण अंगों की स्थिति सामान्य है, लेकिन उम्र और संक्रमण को देखते हुए उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है।

# भारतीय तटरक्षक बल की बड़ी कार्रवाई : अरब सागर में 5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, 4 ईरानी गिरफ्तार

अहमदाबाद (एजेंसी)। अरब सागर में घुसपैठ और तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारतीय तटरक्षक बल ने एक विशेष अभियान के दौरान विदेशी ब्रांड की सिगरेट से भरी संदिग्ध नाव को पकड़ा है। इस कार्रवाई में 4 ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवभूमि द्वारका से करीब 115 किलोमीटर दूर भारतीय समुद्री सीमा के फॉरवर्ड एरिया में नियमित गश्त के दौरान तटरक्षक बल की टीम को एक संदिग्ध नाव दिखाई दी। शक होने पर जब नाव को रोका गया और तलाशी ली गई तो पता चला कि अल मुख्तार नाम की यह नाव विदेशी सामान की तस्करी में लिप्त थी। जांच के दौरान नाव से विदेशी ब्रांड की सिगरेट के करीब 200 बड़े कार्टन बरामद किए गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान नाव पर सवार 4 ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से प्रतिबंधित थुराया सैटेलाइट फोन और 8 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए सभी ईरानी नागरिकों और जब्त नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर जेट्टी लाया गया है। सुरक्षा एजेंसियां अब इस तस्करी के पीछे सक्रिय बड़े नेटवर्क की जांच में जुट गई हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि सिगरेट की यह खेप गुजरात या किसी अन्य राज्य के तट पर उतारने की योजना थी।

# किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी ढेर, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को ब्लास्ट किया

कश्मीर (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

# 34 साइबर ठग अरेस्ट, 45 फरार

मथुरा (एजेंसी)। मथुरा के 'मिनी जामताड़ा' में साइबर ठगों को पकडने़ के लिए एक बार फिर 240 से अधिक पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की। 20 से अधिक गाडियों से पुलिसकर्मियों के साथ एसपी पहुंचे और दो टीमें बनाकर दो गांवों में रेड किए। पुलिस टीम को देखते ही गांव में भगदड़ मच गई। लोग इधर–उधर भागने लगे। कुछ खेतों में छिप गए। पुलिस ने उन्हें दौड़ा–दौड़ाकर पकड़ा। घरों की तलाशी ली गई। रविवार सुबह पुलिस ने विशंभरा और झंझावली गांव में रेड किए। करीब 5 घंटे तक चली कार्रवाई में पुलिस ने 34 लोगों को हिरासत में लिया। एसपी सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, पुलिस को देखने के बाद 45 लोग फरार हो गए। 5 गाडियां भी जब्त की गई हैं। दरअसल, मथुरा के बॉर्डर क्षेत्र के करीब करीब 8–10 गांव ऐसे हैं जो साइबर ठगी का गढ़ माना जाता है। यहां साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क है जोकि देश–विदेशों में ठगी का अंजाम देता है।

# दबंगों ने दलित परिवार का छप्पर फूंका

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर में दबंगों ने दलित परिवार के घर के बाहर छप्पर में आग लगा दी। खौफ पैदा करने के लिए चार राउंड हवाई फायरिंग की। दरअसल, ट्रैक्टर निकालने के दौरान छप्पर टूट गया। इस पर दलित परिवार ने आपत्ति की। आरोप है कि कहासुनी के बाद दबंगों ने लाठी–डंडों से मारपीट की और फिर छप्पर में आग लगा दी। घटना कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र के मढ़ापुर गांव की है। इस मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं, जबकि बीच–बचाव करने पहुंचे दो पड़ोसी भी चोटिल हुए। जानकारी मिलने के बाद विधायक सरोज कुरील ने अस्साल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुए भाजपा विधायक चंद्रू लमानी, अब राजनीति में मचा हड़कंप

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस ने शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चंद्रू लमानी को गिरफ्तार कर लिया है। विधायक के साथ उनके दो सहायकों, मंजुनाथ वाल्मीकि और गुरुनायक को भी हिरासत में लिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सिंचाई परियोजना से जुड़े एक रिश्वत मामले में जाल बिछाकर की गई है, जिसने राज्य की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब गदग जिले के चिंचली निवासी प्रथम श्रेणी ठेकेदार विजय पुजारी ने लोकायुक्त में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, लघु सिंचाई विभाग के अंतर्गत सड़क के दोनों ओर रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) के निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और बकाया बिलों के भुगतान की सुविधा के बदले विधायक द्वारा कथित तौर पर 11 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। लोकायुक्त अधिकारियों ने इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और उस समय दबिश दी जब विधायक और उनके सहायकों ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपये स्वीकार किए। पुलिस ने मौके से ही तीनों को हिरासत में लेकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद कर्नाटक की सियासत में जुबानी जंग तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विपक्षी दल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विधायक को रंगे हाथों पकड़ा गया है और अब विरोधियों को जवाब देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार जांच में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी और लोकायुक्त को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दिया जाएगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी व्यंग्यात्मक लहजे में कटाक्ष करते हुए विपक्ष की ईमानदारी पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, भाजपा ने इस कार्रवाई पर रक्षात्मक रुख अपनाया है। प्रदेश नेतृत्व का कहना है कि वे तथ्यों की विस्तृत पुष्टि के बाद ही आधिकारिक बयान देंगे, हालांकि पार्टी प्रवक्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा बताते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल जानबूझकर विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा है। विधायक चंद्रू लमानी की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही गदग में उनके समर्थकों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। समर्थकों ने इस कार्रवाई को एक गहरी राजनीतिक साजिश करार देते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



# मध्यप्रदेश के सात जिलों में बारिश का अलर्ट, राजस्थान में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पहाड़ी और मैदानी राज्यों में मौसम में बदलाव हो रहा है। मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की सक्रिय की वजह से मौसम बदला है। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश के मंडला, डिंडौरी समेत सात जिलों में पानी गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। राजस्थान में मौसम में दोबारा बदलाव आया है। सुबह-शाम की सर्दी कम हो गई है। शनिवार को 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम टेम्परेचर 30डिग्री सेल्सियस और उससे ज्यादा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में अगले 7 दिन बारिश की संभावना नहीं है, आसमान खुला रहेगा। इसके कारण तापमान में 2 से 3डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं जम्मू-कश्मीर में फरवरी का सबसे गर्म दिन 21 फरवरी को रहा। यहां दिन का तापमान 21डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 10 डिग्री ज्यादा है। इससे पहले 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री रहा था।

उत्तराखंड के हिमालयी इलाकों में टेम्परेचर 0 डिग्री से नीचे है। मुनस्यारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां टेम्परेचर माइनस 240डिग्री रहा। गंगोत्री में -22, बद्रीनाथ में -19, हेमकुंड साहिब में -18 और हर्षिल में -17डिग्री रहा। राज्य में कहीं भी बर्फबारी का अलर्ट नहीं है। 23-24 फरवरी को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।

# कांग्रेस से निष्कासित नवजोत कौर बनाएगी नई पार्टी, एक साल पति सिद्धू रहेंगे राजनीति से दूर



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस से निष्कासित पंजाब की डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कहा है कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू अगले एक साल तक सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगे। सिद्धू 6 निजी कंपनियों के साथ करार कर चुके हैं, जिसके चलते वे किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे। नवजोत कौर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि यह फैसला पूरी तरह पेशेवर प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सिद्धू आगामी एक साल तक अपने नए प्रोजेक्ट्स और कार्पोरेट एंगेजमैंट्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस घोषणा के बाद पंजाब की राजनीति में हलचल मच गई है। नवजोत कौर ने कहा कि वे जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगी। पार्टी का आधिकारिक कार्यालय भी शीघ्र खोला जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कई कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि पंजाब की राजनीति में भ्रष्टाचार और अवसरवादी राजनीति ने जनता का भरोसा कमजोर किया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी नई पार्टी आम लोगों की आवाज बनेगी और राज्य को भ्रष्टाचार और गलत राजनीतिक प्रथाओं से बचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस पूरे घटनाक्रम ने कांग्रेस के अंदर भी चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

कांग्रेस से निष्?कासित होने के बाद से नवजोत कौर लगातार पार्टी पर हमलावर हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पोस्ट के जरिये राजा वड़िंग से पूछा था कि उन्होंने 100 एकड़ जमीन कैसे खरीदी? साथ ही राजस्?थान से जुड़े पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के साथ? मिलकर 2400 करोड़ रुपए का घोटाला करने का भी आरोप लगाया है। नवजोत कौर ने राजा वड़िंग को चेतावनी देते हुए कहा था कि अब वे कोर्ट में जवाब देने और जेल जाने के लिए तैयार रहें। वहीं नवजोत कौर के इन आरोपों पर वड़िंग ने कहा था कि जिन लोगों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होती, उनके बयानों पर रोज प्रतिक्रिया देना उचित नहीं।

# अगर 6.5 तीव्रता का भूकंप आया तो कानपुर, प्रयागराज में हो सकता है भारी नुकसान

## –आईआईटी कानपुर की रिसर्च से खुलासा, गंगा किनारे और निचले इलाकों में खतरा ज्यादा




**कानपुर (एजेंसी)।** आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर निहार रंजन पात्रा की अगुवाई में की गई रिसर्च में कहा गया है कि अगर 6.5 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप कानपुर, प्रयागराज में आता है, तो इन शहरों में भारी नुकसान हो सकता है। खासकर गंगा किनारे और निचले इलाकों में खतरा ज्यादा है। रिसर्च के मुताबिक यहां की जमीन कई जगहों पर ढीली और रेतीली है। ऐसी मिट्टी भूकंप के दौरान ज्यादा हिलती है और झटकों का असर बढ़ा देती है। यही वजह है कि वैज्ञानिकों ने पहले से तैयारी करने पर जोर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रोफेसर निहार रंजन पात्रा को साल 2008 में इस विषय पर रिसर्च के लिए प्रोजेक्ट मिला था। इसके बाद उनकी टीम ने कई साल तक कानपुर और आसपास के इलाकों में सर्वे किया। मिट्टी के नमूने जुटाए गए और उनकी गहराई से जांच की गई। अध्ययन में जमीन की अलग-अलग परतों और उनके व्यवहार को समझा। कंप्यूटर मॉडल की मदद से यह अनुमान लगाया गया कि अगर बड़ा भूकंप आता है तो किस इलाके में कितना असर पड़ सकता है। इस पूरी रिसर्च के बाद अब साफ संकेत मिल रहे हैं कि कुछ इलाके ज्यादा संवेदनशील हैं।

रिसर्च में सामने आया कि कई जगहों पर ÷लिक्विफैक्शन÷ का खतरा है। इसका मतलब यह है कि भूकंप के तेज झटकों के दौरान ठोस जमीन दलदल जैसी हो सकती है। ऐसी स्थिति में इमारतों की नींव कमजोर हो जाती है। बड़े-बड़े भवन झुक सकते हैं और पुराने मकान गिर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने करीब 20 अलग-अलग जगहों से मिट्टी के सैंपल लिए। जांच में पाया गया कि गंगा किनारे के इलाके, पुराने मोहल्ले और ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र ज्यादा जोखिम भरे हैं। अगर 6.5 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप आता है, तो सड़कें फट सकती हैं, जमीन में दरारें पड़ सकती हैं और कई इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों ने साफ कहा है कि अब लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। नई इमारतें बनाते समय भूकंपरोधी डिजाइन का सख्ती से पालन किया जाए। पुराने भवनों की जांच कर उन्हें मजबूत बनाया जाए। स्कूल, अस्पताल और सरकारी दफ्तरों को प्राथमिकता पर सुरक्षित किया जाए, साथ ही आम लोगों को भी जागरूक होना होगा। भूकंप आने पर क्या करना है और क्या नहीं, इसकी जानकारी हर घर तक पहुंचनी चाहिए। प्रशासन को भी आपदा प्रबंधन की तैयारियां मजबूत करनी होंगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत राहत और बचाव का काम शुरू हो सके।

# सपा को ऑफिस में चक्कर काटने और चेहरा चमकाने में लगे रहने वालों की जरुरत नहीं!

## –अखिलेश ने मिशन 2027 को लेकर बनाई गुप्त रणनीति, तैयार कर रहे नेताओं का लेखा–जोखा



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में मिशन 2027 को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सभी राजनीतिक दल चुनाव में जीत हासिल करने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गोपनीय तैयारी शुरू कर दी है, जिसके तहत एक ख़ास लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं की गतिविधियों को लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। अखिलेश ने एक ऐसी लिस्ट बनाने के निर्देश दिए हैं जिनमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल करने को कहा गया है जो अक्सर पार्टी दफ्तर में घूमते या टहलते नजर आते हैं और अपना ज़्यादातर समय सपा ऑफिस में चक्कर काटने या फिर केवल चेहरा चमकाने में लगे रहते हैं बजाय इसके वो जमीनी स्तर पर सपा को मजबूत करने का काम करें।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सपा ने ऐसे नेताओं का लेखा-जोखा बनाया है, जिसमें इन नेताओं की फोटो और फोन नंबर के साथ ये जानकारी भी दर्ज की गई है कि कौन सा कार्यकर्ता कितनी बार पार्टी के ऑफिस में आया, उसने कितनी बार हाथ मिलाया और वो जमीन स्तर पर किस तरह काम कर रहा है ताकि आगामी चुनाव में ऐसे नेता को ही टिकट मिल सके जो जमीन पर लोगों के बीच रहकर पार्टी को मजबूत कर रहा है।

इस रणनीति को गणेश परिक्रमा रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश साफ तौर पर इस डेटा के आधार पर फील्ड और ऑफिस के अंतर को देखना चाहते है ताकि चुनाव में किसी ऐसे नेता को टिकट ना मिले जो सिर्फ पार्टी के मुखिया के सामने चेहरा चमकाने के लिए ऑफिस में ही घूम रहे हैं। इस सूची के जरिए ऐसे नेताओं की छंटनी कर दी जाएगी तो अपना समय बेवजह के कामों में बिता रहे हैं, जिससे साफ है कि अखिलेश इस बार उम्मीदवारों के चयन को लेकर कोई लापरवाही बरतने के मूड में नहीं हैं। चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सबका साथ से ज्यादा सबके काम और कमिटमेंट के साथ काम कर रहे हैं।

# 6 राज्यों में पूरा हुआ एसआईआर का काम, गुजरात में सबसे अधिक 68 लाख नाम काटे गए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने देश के छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। शनिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किए गए हैं, जिसके तहत लाखों की संख्या में अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आयोग की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करना और फर्जी या दोहरे मतदान की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करना है। इस विशेष अभियान के बाद जारी आंकड़े बताते हैं कि मतदाता सूचियों से अपात्र नामों को हटाने के बाद कई राज्यों की कुल मतदाता संख्या में बड़ी कमी आई है।

पुनरीक्षण के इन आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाली गिरावट गुजरात में देखी गई है, जहां निर्वाचन आयोग ने कुल 68,12,711 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए हैं। इस प्रक्रिया से पहले गुजरात में कुल मतदाताओं की संख्या 5,08,43,436 थी, जो अब घटकर 4,40,30,725 रह गई है। यह राज्य की कुल मतदाता संख्या में 13.40 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। गुजरात के बाद मध्य प्रदेश में भी मतदाता सूची में बड़ी शुद्धि की गई है, जहां 34,25,078 नाम हटाए गए। इसके परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5,74,06,143 से कम होकर अब 5,39,81,065 (-5.97 प्रतिशत) पर आ गई है। इसी तरह राजस्थान में 31,36,286 नाम काटे गए, जिससे वहां मतदाताओं की संख्या 5.46 करोड़ से घटकर 5.15 करोड़ रह गई है।

अन्य राज्यों की बात करें तो छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची 2,12,30,737 से घटकर 1,87,30,914 रह गई है, यहाँ कुल 24,99,823 नामों की कटौती हुई है। दक्षिण भारतीय राज्य केरल में सूची से 8,97,211 नाम हटाए गए हैं, जिसके बाद अब वहां कुल मतदाताओं की संख्या 2,69,53,644 है। गोवा में भी मतदाताओं की संख्या में 1,27,468 की गिरावट दर्ज की गई है। केंद्र शासित प्रदेशों में भी इसी तरह की सक्रियता देखी गई। पुडुचेरी में 77,367, अंडमान और निकोबार में 52,364 जबकि लक्षद्वीप में सबसे कम केवल 206 नामों में बदलाव हुआ है। चुनाव अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ये आंकड़े नेट चेंज को दर्शाते हैं, जिसमें हटाए गए अपात्र नामों में से नए जुड़े पात्र मतदाताओं की संख्या को घटाया गया है। नाम हटाने के प्राथमिक कारणों में मतदाता की मृत्यु, स्थायी स्थानांतरण, एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण और अन्य पात्रता संबंधी मुद्दे शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह अभ्यास 12 राज्यों में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पहले चरण के सफल समापन के बाद अब सबकी नजरें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु पर टिकी हैं। इन तीन बड़े राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का डेटा इस महीने के अंत तक जारी होने की संभावना है। आयोग ने इन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रारंभिक तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। एसआईआर प्रक्रिया का अगला चरण अप्रैल में शुरू होगा, जो मतदाता सत्यापन के देशव्यापी अभियान को आगे बढ़ाएगा। फिलहाल राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, गोवा और अंडमान-निकोबार के लिए अंतिम मतदाता सूचियां आधिकारिक तौर पर प्रकाशित कर दी गई हैं, जो भविष्य के चुनावों के लिए आधार बनेंगी।

# राजमार्ग किनारे करोड़ों की जमीन 42 हजार में नीलाम!

## कादेड़ा पंचायत में फर्जी पट्टों का खेल, सरपंच-सचिव पर वार्ड पंचों का बड़ा आरोप

स्मार्ट हलचल

**मेहरू कलां (अजमेर)**। कादेड़ा ग्राम पंचायत एक बार फिर सरकारी जमीन से जुड़े विवाद को लेकर सुर्खियों में है। इस बार पंचायत के सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी पर राजमार्ग-12 से सटी करोड़ों रुपये की आबादी भूमि को कौड़ियों के भाव बेचने का गंभीर आरोप लगा है। मामले के सामने आते ही पंचायत के सभी वार्ड पंच खुलकर विरोध में उतर आए और उच्च अधिकारियों से जांच की मांग कर दी। वार्ड पंचों का आरोप है कि गणेश चौकी के पास स्थित खसरा संख्या 995 (रकबा 0.42 हेक्टेयर) की करीब ढाई बीघा सरकारी जमीन को फर्जी समिति



बनाकर गुपचुप तरीके से नीलाम दिखाया गया। आरोप है कि 6 नवंबर 2025 को बुक संख्या 503 और रसीद संख्या 70 के जरिए मात्र 42 हजार रुपये में जमीन का बेचान कर दिया गया, जबकि इसकी बाजार कीमत करोड़ों में बताई जा रही है।

### रिकॉर्ड मांगने पर बढ़ा विवाद

वार्ड पंच शिवराज माली ने बताया कि जब पंचों को सौदे की भनक लगी तो उन्होंने पंचायत रिकॉर्ड देखने की मांग की, लेकिन ग्राम विकास अधिकारी ने नीलामी और पट्टा पत्रावली दिखाने से साफ इंकार कर दिया। इससे पंचों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई।

### बिना जानकारी पट्टा जारी करने का आरोप

पंचों का कहना है कि 5 दिसंबर 2025 को पंचायत कोरम की जानकारी के बिना प्रस्ताव संख्या 9 के जरिए पट्टा जारी कर दिया गया। इसे सरकारी संपत्ति हड़पने की साजिश बताते हुए पंचों ने पूरे प्रकरण को जमीन घोटाला करार दिया है।

### मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत

वार्ड पंचों ने भजनलाल शर्मा सहित संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर और जिला परिषद के अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर फर्जी पट्टों को निरस्त करने, निष्पक्ष जांच कराने और सरपंच को पदमुक्त करने की मांग की है।

### भूमिगत होने की चर्चा,

ग्रामीणों में आक्रोशः मामले के उजागर होने के बाद सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के भूमिगत होने की चर्चाएं भी ग्रामीणों में हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# बनेड़ा क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग

स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल में पिछले दिनों ओलावृष्टि और बारिश के कारण फसलो को काफी नुकसान पहुंचा। फसल खराबे का सर्वे करवा कर के प्रभावित को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में काग्रेस जनो ने उपखण्ड अघिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज जाट के नेतृत्व उपखण्ड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार सत्यनारायण लुहार को सोपे अपने ज्ञापन में बताया कि ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील क्षेत्र में पिछले सप्ताह हुई ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि से किसानों की फसलों में हुए भारी नुकसान हुआ।खराब हुई फसलो का सर्वे करवाकर शीघ्र



खराबे का मुआवजा दिलाने की मांग कि है । साथ ही गत खराबे के दौरान राजस्व आईडी नहीं चलने के कारण किसानों के अटके हुए मुआवजे का शीघ्र समाधान कर भुगतान करवाने की भी मांग कि है।

इस दौरान दामोदर गुर्जर, भगवत सिंह, सावंत खा मजदूर कांग्रेस ब्लॉक इब्राहिम पठान, शिवसिंह उपाध्यक्ष पर्यावरण प्रकोष्ठ रामजस कुमावत (सरदारनगर) राजूमाली, दिनेश गुर्जर (रायसिंहपुरा) भैरु गुर्जर अनिल बाट जगदीश जाट भवर भील डगास कल्याण जाट भवर गुजर सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# चारागाह भूमि की शिकायत करना पड़ा भारी, घर में घुसकर मारपीट व लूट का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के काछोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ गांव में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करना एक परिवार को भारी पड़ गया। शिकायत से नाराज दबंगों ने पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट की और बीच-बचाव करने आई बुजुर्ग महिला के गले से सोने का आभूषण छीन लिया। पुलिस कार्रवाई नहीं होने से आहत पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### शिकायत से भड़के आरोपी, घर पर बोला हमला

पीड़ित देवकिशन ने बताया कि करीब एक माह पूर्व उसने ग्राम लक्ष्मणगढ़ की चारागाह भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी।



आरोप है कि इसी रंजिश में रविवार रात प्रकाश मीणा सहित अन्य लोग लाठी-डंडों के साथ उसके घर पहुंच गए और हमला कर दिया।

### बुजुर्ग महिला से बदसलूकी, सोने का मांदलिया छीनने का आरोप

देवकिशन के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसकर उसके और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई वृद्ध माता काली देवी के साथ भी कथित रूप से बदसलूकी की गई। आरोप है कि उन्हें धक्का देकर गिराया गया और उनके गले में पहना करीब ढाई तोला वजनी सोने का रामनामी मांदलिया छीन लिया गया। हंगामा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### 'पटवारी, तहसीलदार और थाना सब जेब में' कहने का आरोप

पीड़ित ने एसपी को दी शिकायत में आरोप लगाया कि एक आरोपी ने धौंस देते हुए कहा कि उसकी पहुंच ऊपर तक है और 'पटवारी, तहसीलदार व थाना सब उसकी जेब में हैं।' देवकिशन का कहना है कि घटना की रिपोर्ट काछोला थाने में देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### एसपी से लगाई गुहार

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस महानिदेशक जयपुर को भी भेजी गई है।

# शाहपुरा जिला चिकित्सालय में फिजिशियन नहीं, इलाज ठप

### आरजीएचएस दवाइयां बंद, बुजुर्गों का सब्र टूटा

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** जिला चिकित्सालय में पिछले लंबे समय से फिजिशियन के अभाव ने वरिष्ठ नागरिकों की सेहत को सीधे संकट में डाल दिया है। आरजीएचएस योजना के तहत पर्ची पर दवा लिखवाने और उपचार पाने के लिए रोज अस्पताल पहुंचने वाले बुजुर्ग आज 'इलाज नहीं, बहाने' सुनने को मजबूर हैं। दूसरे चिकित्सक आरजीएचएस की दवाइयां नहीं लिख रहे, नतीजाकृपेंशनर वर्ग दवा के लिए भटक रहा है।

एक तरफ वरिष्ठ नागरिकों के लिए रामाश्रय वार्ड का निर्माण कर ढोल पीटा जा रहा है, दूसरी तरफ वहां इलाज के लिए फिजिशियन ही नहीं! सवाल सीधा है वार्ड किसके लिए, जब डॉक्टर ही नहीं?



इसी बदहाली के खिलाफ सोमवार को वरिष्ठ नागरिक संस्थान के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और फिजिशियन की तत्काल नियुक्ति की मांग की। संस्थान के सचिव कैलाश वर्मा, ललित चौहान, जगदीश प्रसाद जोशी, राधेश्याम मूंदड़ा, दिनेश तोलबिया, लादूलाल माली, भगवान, शिव जोशी, दिनेश सुखपाल, शिव शंकर शर्मा, गोपाल बोहरा और ओमप्रकाश ओझा (सेवानिवृत्त तहसीलदार) सहित सदस्य मौके पर पहुंचे और प्रशासन को साफ शब्दों में आईना दिखाया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला चिकित्सालय जाकर पीएमओ डॉ. अशोक जैन को भी स्थिति से अवगत कराया। वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि आरजीएचएस योजना के तहत मिलने वाली दवाइयां चिकित्सकों द्वारा लिखी ही नहीं जा रही हैं, जिससे पेंशनर वर्ग आर्थिक और शारीरिककृदोनों मोर्चों पर पिस रहा है। उपखंड अधिकारी कार्यालय में भी ज्ञापन देकर शीघ्र समाधान की मांग रखी गई।

संस्थान ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि जल्द फिजिशियन की नियुक्ति नहीं हुई और आरजीएचएस की दवाइयां लिखना शुरू नहीं किया गया, तो वरिष्ठ नागरिक आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। अब सवाल प्रशासन से इलाज चाहिए या सिर्फ आश्वासन? बुजुर्गों की सेहत पर राजनीति कब खत्म होगी?

# चलती कार बनी आग का गोला

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** मांडल थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भादू माताजी स्थल के समीप एक चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान वाहन से धुआं उठता देख कार में सवार लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत वाहन रोका और सभी साथियों को सुरक्षित बाहर उतार लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही देर में कार से लपटें उठने लगीं। गनीमत रही कि समय रहते सभी लोग बाहर निकल गए और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी राहगीरों ने तुरंत अग्निशमन दल और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस मौके पर



पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग लगने के बाद एहतियात के तौर पर सड़क के दोनों ओर से आवागमन कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मिलावटी मसालों पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य विभाग ने की बड़ी कार्यवाही

# स्टार लाईट एग्रो लिमिटेड में 2300 किलो से अधिक लाल मिर्च पाउडर व 1710 किलो धनिया मसाला किया सीज, 400 किलो खजूर नष्ट

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में जिले में होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने सक्रियता के साथ कार्य करते हुए मिलावटखोरों पर शिकंजा कसते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को चित्तौड़गढ़ रोड स्थित स्टार लाईट एग्रो लिमिटेड, कोल्ड स्टोरेज पर बड़ी कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में टीम ने फर्म पर छापेमारी कर भारी मात्रा में



संदिग्ध मसाले जब्त किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग की सख्त निगरानी जारी है। सोमवार को स्टार लाईट एग्रो लिमिटेड पर कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा लगभग 2300 किलोग्राम से अधिक लाल मिर्च पाउडर तथा 1710 किलोग्राम साबुत धनिया मसाला को सीज किया गया। इसके अलावा करीब 400 किलोग्राम खजूर को मौके पर ही टीम ने नष्ट करवाया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने जब्त सामग्री के सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भिजवाए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान टीम में प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण, अंकित शर्मा, फहद खान, डॉ. गोवर्धन लाल कुम्हार मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता और पैकेजिंग की जांच अवश्य करें तथा संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना तुरंत विभाग को दें। इसके लिए आमजन जिले में खाद्य पदार्थो में किसी भी तरह की मिलावट की आंशका होने पर कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01482-232643 पर सूचना दे सकते है।

# देवनारायण मंदिर में पंचकुंडीय महायज्ञ, 22 जोड़ों ने दी आहुतियां



स्मार्ट हलचल|मांडलगढ़

गेणोली गांव स्थित देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ में सोमवार को 22 जोड़ों ने विधि-विधान से आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक वातावरण में मंत्रोच्चार के बीच यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

पंडित मोनू गौड़ फलासिया ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरा अनुसार श्रद्धालु जोड़े सप्तमी बंधेज का उपवास रखते हैं और देवनारायण मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उपवास खोलते हैं। आचार्य कालू नाथ ने बताया कि इस वर्ष आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ में 22 जोड़ों ने सहभागिता निभाई और यज्ञशाला में आहुतियां अर्पित कर परिवार एवं क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। ग्रामीणों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार 24 फरवरी, मंगलवार को दोपहर में प्रसादी वितरण एवं पूर्णाहूति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# तहसील अध्यक्ष बने रामफूल धाकड़

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के महन्त श्री मोहन शरण शास्त्री द्वारा बिजोलिया तहसील अध्यक्ष पद पर रामफूल धाकड को नियुक्त किया गया। आगामी दिवस मे ट्रस्ट के द्वारा अखिल भारतीय सकल हिन्दू समाज का विराट सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे महत्वपुर्ण जिम्मेदारी दी गई कार्यक्रम मे आशीष जोशी, गोपी



दादा, रणजीत सिह, आर के अरोडा, आदि उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर संघ, मांडल का हुआ गठन

स्मार्ट हलचल

**मांडल / भीलवाड़ा।** मांडल कस्बे के बाबा रामदेव मंदिर परिसर में बहुजन समाज के गणमान्य नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 'डॉ. भीमराव अंबेडकर संघ, मांडल' का गठन किया गया।

बैठक में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि मांडल में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम



पर तीन बीघा भूमि एवं एक सामुदायिक भवन उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार से मांग की जाएगी।

सर्वसम्मति से संगठन की कार्यकारिणी का गठन निम्नानुसार किया गया– अध्यक्षः कालू लाल खटीक (निवासी बलाई खेड़ा), सचिवः जीवन ऐरवाल (निवासी कालूखेड़ा), कोषाध्यक्षः शिवलाल (निवासी मांडल),उपाध्यक्षः महावीर मेघवंशी (भालड़ीखेड़ा), सौरभ कटारिया (मलगाणी), महावीर बैरवा (रामगढ़), देवा बलाई (भालड़ीखेड़ा), बैठक में कालू लाल खटीक, जीवन ऐरवाल, शिवलाल मांडल, सौरभ मलगाणी, महावीर भालड़ीखेड़ा, महावीर रामगढ़, देवा भालड़ीखेड़ा, जगदीश, शांति लाल, किशन, मिथुन, रमेश चन्द्र, चेतन, ओमप्रकाश, पप्पू लाल सहित अन्य बहुजन समाज के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, संगठन और जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया तथा संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# महंत लक्ष्मण दास जी ने किया महर्षि गौतम जयंती का पोस्टर विमोचन



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

महर्षि गौतम जयंती आयोजन समिति न्यास, भीलवाड़ा द्वारा भगवान श्री पंचमुखी बालाजी दरबार मे दरबार के महंत श्री लक्ष्मण दास जी महाराज के सानिध्य में आगामी गौतम जयंती समारोह के कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया।

मुख्य प्रबंधक गोपी किशन व्यास ने बताया कि आगामी 19 मार्च 2026 गुरुवार को गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती सभी समाज जनों द्वारा बड़े हर्षोल्लास से मनाई जाएगी,19 मार्च को प्रातः 8.30 बजे आजाद चौक से विशाल शोभा यात्रा निकलेगी जो मुख्य बाजार से होते हुए महर्षि गौतम शिक्षण संस्थान पर संपन्न होगी जहां हवन, पूजन और आरती के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा।

पोस्टर विमोचन के अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश बच्छ, कार्यकारी अध्यक्ष महावीर आचार्य, महामंत्री गोपाल जोशी, रमेश बच्छ, दीपक सुल्तानिया, विजय व्यास, संजय शर्मा, संजय तिवारी, सुरेश शर्मा, सत्यदेव पत्रिया, नंदकिशोर पंचारिया, जगदीश शर्मा, अशोक श्रोत्रिय, वैध कृष्ण चंद्र, हुक्मीचंद पंचारिया, ललित शर्मा, जन्मेजय शर्मा ,बृजेश नन्दन तिवारी, विष्णु शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रहलाद शर्मा, दिनेश शर्मा, विजयशंकर शर्मा, अमित त्रिवेदी, धीरज शर्मा, बंटी शर्मा एव महिला समिति से भगवती शर्मा, ज्योति आशीर्वाद, संगीता शर्मा, कल्पना सुल्तानिया एव बिंदिया शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश के भीलवाड़ा जिले के खानखला में स्थापित होगा जिंक पार्क

## राजस्थान में स्थापित होने वाले देश के पहले जिंक पार्क के लिए हिन्दुस्तान जिंक और त्रिपुरा ग्रुप के बीच एमओयू

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** विश्व की अग्रणी जिंक और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक द्वारा राजस्थान में स्थापित होने वाले देश के पहले जिंक पार्क को विकसित करने की दिशा में बडा कदम उठाया है। कंपनी ने इसके लिए त्रिपुरा ग्रुप के साथ एक रणनीतिक एमओयू पर हस्ताक्षर किये। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के खानखला में स्थापित होने वाले जिंक पार्क के लिए यह एमओयू जिंक-बेस्ड वैल्यू चेन के लिए समर्पित भारत का पहला इंटीग्रेटेड डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रियल हब बनाने की हिंदुस्तान जिंक की योजना में प्रमुख पड़ाव है। इस एमओयू के तहत, हिन्दुस्तान जिंक त्रिपुरा ग्रुप की यूनिट को कच्चे माल की




निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करेगा। यह पार्टनरशिप एक मजबूत डाउनस्ट्रीम जिंक इकोसिस्टम बनाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें निवेश और उत्पादन योजना इस क्षेत्र में स्केल, एफिशिएंसी और सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल ग्रोथ को बढ़ाने के लिए अनुरूप हैं। यह जिंक पार्क राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम, रीको के सहयोग से बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में नया निवेश आएगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के बड़े अवसर सृजित होंगे। जिंक पार्क डाउनस्ट्रीम जिंक-बेस्ड इंडस्ट्रीज के लिए भारत का पहला इंटीग्रेटेड हब बनने के लिए तैयार है। यह प्रोजेक्ट नए निवेश को आकर्षित करने, रोजगार और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो राजस्थान की इंडस्ट्रियल ग्रोथ में अहम योगदान देगा। जिंक इंडस्ट्रियल पार्क हेतु वर्ष 2024 के अंत में एक बड़े स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन किया गया था ताकि इसमें रूचि दिखा कर इंडस्ट्रियल क्षमताओं को इकोसिस्टम की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जा सके। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, जिंक पार्क हमारा एक दूरदर्शी प्रोजेक्ट है जो मेटल वैल्यू चेन को मजबूत करेगा। त्रिपुरा ग्रुप के साथ यह साझेदारी मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने और एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जहाँ निवेशकों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और क्लीन एनर्जी के साथ काम करने का मौका मिलेगा। वन-स्टॉप हब के रूप में यहाँ जिंक से जुड़े उद्योगों को एक ही जगह पर सारी सुविधाएँ मिलेंगी। त्रिपुरा ग्रुप अपनी विशेषज्ञता के साथ जिंक प्रोसेसिंग की गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाने में मदद करेगा। इसकी टेक्निकल क्षमताएं और ऑपरेशनल डिलीवरी का ट्रैक रिकॉर्ड इसे जिंक पार्क के लिए एक मुख्य एंकर इन्वेस्टर बनाता है। इस कोलेबोरेशन से ऑपरेशनल सिनर्जी को बढ़ावा मिलने, डाउनस्ट्रीम प्रोसेसर के लिए बेनिफिशिएशन एफिशिएंसी में सुधार होने और इंडस्ट्री के लिए उपलब्ध इनपुट की क्वालिटी और रिलायबिलिटी को मजबूत होने की उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट पर्यावरण और स्थानीय समुदाय के कौशल विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक आने वाले समय में अन्य निवेशकों के साथ भी चर्चा कर रहा है ताकि इस पार्क को चरणबद्ध तरीके से और बड़ा बनाया जा सके।

# प्रशासनिक लापरवाही: अस्पताल का नाम बदला पर जन्म प्रमाण पत्र में 'पुराना खेल' जारी, अधर में बच्चों का आधार

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** सरकारी सिस्टम की छोटी सी चूक जनता के लिए कितनी बड़ी मुसीबत बन सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण शाहपुरा जिला अस्पताल द्वारा जारी किए जा रहे जन्म प्रमाण पत्रों में देखने को मिल रहा है। अस्पताल का नाम बदलने के बाद 'रजिस्ट्रार' कॉलम में तो नया नाम अपडेट कर दिया गया है, लेकिन 'जन्म स्थान' के कॉलम में आज भी पुराना नाम ही दर्ज किया जा रहा है। इस तकनीकी विसंगति के कारण नवजातों के आधार कार्ड रिजेक्ट हो रहे हैं और अभिभावक दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

### एक ही दस्तावेज, दो अलग नाम

हैरानी की बात यह है कि एक ही प्रमाण पत्र में दो अलग-अलग नाम दर्ज हैं। जहाँ रजिस्ट्रार की मुहर और विवरण में 'राजकीय जिला चिकित्सालय, शाहपुरा' अंकित है, वहीं ठीक बगल में जन्म स्थान वाले कॉलम में 'राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय, शाहपुरा' लिखा आ रहा है। आधार नामांकन केंद्र के सॉफ्टवेयर इस अंतर को 'डाटा मिसमैच' मानकर आवेदन निरस्त कर रहे हैं।

### अभिभावकों की बढ़ी मुश्किलें

पीड़ित अभिभावकों का कहना है कि जब अस्पताल का दर्जा बदल चुका है और नाम




संशोधित हो गया है, तो जन्म स्थान के कॉलम में पुराना नाम क्यों रहने दिया गया है? 'एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया और सुशासन की बात करती है, दूसरी तरफ विभाग की एक छोटी सी लापरवाही बच्चों के पहचान पत्र (आधार) बनने में रोड़ा अटका रही है। हमें बार-बार अस्पताल और ई-मित्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।' - एक पीड़ित अभिभावक

### अधिकारी मौन, जनता परेशान

इस मामले में सुधार की मांग को लेकर कई बार मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन पोर्टल पर डाटा अपडेट न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। सवाल यह है कि इस विसंगति को ठीक करने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या विभाग को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है?

# रिलीफ सोसायटी की बैठक में चुनाव पर मंथन, समिति गठित



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शहर में फुलिया गेट स्थित वेणी मोहन धाम में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार, गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चुनाव संपन्न होने तक वर्तमान कार्यकारिणी ही अपना दायित्व निभाएगी। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए पांच सदस्यीय पर्यवेक्षक समिति का गठन किया गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने राजकुमार अग्रवाल, अशोक पौंडरीक, रमेश मारू, सत्यनारायण पाठक एवं कैलाश वर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया। समिति को एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे चुनाव की तैयारियां प्रारंभ की जाएंगी।

बैठक में सोसायटी की एकता और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# नवनियुक्त एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर बधाई दी



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** एनएसयूआई के बिजोलिया ब्लॉक अध्यक्ष रितुराज मीणा और कार्यकर्ता किशन कुमार खटीक भगवती राव ने दिल्ली पहुंचकर एनएसयूआई के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी । मुलाकात के दौरान वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विनोद जाखड ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसयूआई को जमीन स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा युवाओं व छात्रों को मजबूती से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया जाएगा।

# राष्ट्र नायकों को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब, आमा में 73 यूनिट रक्त संग्रह

स्मार्ट हलचल|मंगरोप

ग्राम पंचायत आमा में रविवार को राष्ट्र नायकों को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यकर्ता नंदलाल तेली ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 73 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें 21 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।झुंझुनू से आए अशोक शर्मा ने 22वीं बार, दीनबंधु पाराशर ने 21वीं बार, शिव व्यास (रेणवास) ने 15वीं बार, भेरू नोरिया ने 13वीं बार, उपसरपंच संजय पांडिया ने 11वीं बार, रामप्रसाद वैष्णव ने 10वीं बार तथा विशाल पाराशर ने 8वीं बार रक्तदान किया।



शिविर की विशेष उपलब्धि यह रही कि दुर्लभ रक्त समूह के 7 रक्तदाताओं ने भी रक्तदान किया। आयोजन में सहयोग करने वालों में रामप्रसाद वैष्णव, संजय पांडिया, भेरू नोरिया, शिव व्यास, महेंद्र सुवालका, विशाल पाराशर, ललित शर्मा गेंदलिया, विनोद पंडित, पप्पू वैष्णव, प्रकाश शर्मा जीत्या, पप्पू जाट, दीपक पांडे(फलौदी)सहित अन्य कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।इस अवसर पर रामचंद्र पुरोहित, कैलाश टेलर, भंवर गुर्जर, कन्हैयालाल रेगर, शिव पालड़िया, नवीन जोशी एवं राज राजेश्वर गाडरी उपस्थित रहे।शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद और रक्तदान-महादान जैसे नारों से रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।अंत में सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपालजी विजयवर्गीय ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगकर्ताओं और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृति में आवेदन 28 तक

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति येजनाओं में अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछडा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के छात्रवृति आवेदन पत्र में आक्षेप पूर्ति कराने की अन्तिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग गिरीश भटनागर ने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृति हेतु वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति पोर्टल पर राजकीय एवं गैर राजकीय शिक्षण संस्थाओं/छात्र/छात्राओं के स्तर पर लम्बित छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति की अन्तिम तिथि विभाग द्वारा 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सम्बन्धित शिक्षण संस्थान निर्धारित तिथि तक बच्चों से आक्षेप पूर्ति कर आवेदन कार्यालय को अग्रेषित करें ताकि छात्र/छात्राओं को छात्रवृति की स्वीकृति सम्बन्धी कार्यवाही की जा सकें।

# वसंत विषय पर शाहपुरा इकाई की मासिक साहित्यिक गोष्ठी हुई सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाहपुरा इकाई की मासिक साहित्यिक गोष्ठी के अध्यक्ष तेजपाल उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि सोमेश्वर व्यास रहे। गोष्ठी में विभिन्न रसों की उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति हुई। गोष्ठी की शुरुआत विष्णु दत्त शर्मा 'विकल' की सरस्वती वंदना 'माँ शारदे उपकार दे मुझ जड़मति को तार दे।' से हुई।

सोमेश्वर व्यास ने 'ऋतु वसन्त का हुआ आगमन हुए प्रफुल्लित वन उपवन।' कविता सुनाई। डॉ. कमलेश पाराशर ने 'वसन्त जीवन में आए सही बात है पर्यावरण बिगड़ा इसमें किसका हाथ है?' व्यंग्य रचना प्रस्तुत की। जयदेव जोशी ने 'पीताम्बर ओढ़े धरा मुस्काए नव आकाश मंद-मंद बहती पवन भर दे सुरभित श्वास' सुनाई। भँवर 'भड़ाका' ने 'हम भी कभी आए थे गुलशन में बहार बनकर और कुछ हवा ऐसी चली कि हम बिखर गए खाक बनकर' कविता




सुनाकर जीवन की नश्वरता शब्दों में व्यक्त की। सी.ए. अशोक बोहरा ने 'आई रे बसन्त बहार खिल उठे मन हर्ष के हर द्वार' और 'तू ही कर्ता तू ही कारक तू ही रक्षक तू ही मारक' भगवान भोलेनाथ का भजन सुनाया। डॉक्टर परमेश्वर कुमावत 'परम' ने 'हिन्दू सहोदर सखा बंधू है हिन्दू चिर जीवन पावन' कविता सुनाकर हिन्दू समरसता के भाव को प्रकट किया और वसन्त विषय पर 'सृष्टि नव सौंदर्य सजाए रूप अनुपम पाती है' कविता प्रस्तुत की। ओम माली 'अंगारा' ने 'शिशिर का गहरा तमस-सा पहरा टूट गया नभ-भू पर नव जीवन खिलने लगा चहूँ ओर' कविता सुनाकर वसन्त में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों को रेखांकित किया। और साहित्यिक रचना 'नाहर नख विदीर्ण कुंजर कुंभ स्थल स्त्रवित रक्त-सम अति रक्तिम रौद्र नेत्र निहारकर' सुनाकर शिवाजी के शौर्य से गोष्ठी को ओजमय कर दिया। संस्था के अध्यक्ष तेजपाल उपाध्याय ने 'ऋतुओं का होता है क्रमिक परिवर्तन इसलिए तो हुआ है बसन्त का आगमन' और राजस्थानी भाषा में 'जी' क कांई बीमारी न हो वे वो भी उ'ई आदमी है जी' क सुगर बी.पी. होग्यो समझल्यो वो बड़ो आदमी होग्यो' व्यंग्य रचना सुनाकर वर्तमान परिवेश पर कड़ा शाब्दिक प्रहार किया। बालकृष्ण जोशी 'बीरा' ने राजस्थानी गीत 'कामण कांटों का'ढ सायब रे पग म' साळ मीठी मूंडा सूं सिसकारी सायब निकाळ रे' सुनाकर गोष्ठी को संगीतमय कर दिया।

नवोदित रचनाकार दर्शन शर्मा ने 'वसन्त आया प्रकृति में नया शृंगार लाने को पर वीर खड़ा है सरहद पर अपना शौर्य दिखाने को' कविता सुनाकर वसन्त को सरहद पर खड़े सैनिक से जोड़ दिया। विष्णु दत्त शर्मा 'विकल' ने 'मन मेरा अब मरता जा रहा है उम्र घटती रिश्ता जा रहा है' और 'बे बात ही हम बात क्या करें अब उनसे मुलाकात क्या करे' गजलें प्रस्तुत की। आशुतोष सिंह सौदा ने 'मैं तो उण सरवर नहीं जाऊँ ऐ भावज किण विध चालू पाळी' राजस्थानी गीत सुनाया। योगेंद्र शर्मा ने मथुरा से अपनी उपस्थिति कविता 'बसन्त आया उमंगे लाया पुष्पों की बहार है' के माध्यम से दी। जिसका वाचन डॉ कमलेश पाराशर ने किया। गोष्ठी की विवेचना विष्णु दत्त शर्मा 'विकल' ने की।

# राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में एनएसएस के एक दिवसीय शिविर का आयोजन: स्वच्छता और सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) के तत्वावधान में सोमवार को तृतीय एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा के सानिध्य और कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में स्वयंसेवकों ने समाज सेवा और जन-जागरूकता की मिसाल पेश की। शिविर का शुभारंभ प्रातः 09 बजे महाविद्यालय परिसर में प्रार्थना और लक्ष्य गीत के साथ हुआ। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छ भारत अभियान' को चरितार्थ करते हुए महाविद्यालय परिसर तथा निकटवर्ती मानपुरा ग्राम में सघन स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने गलियों की सफाई की और ग्रामीणों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। 'सड़क सुरक्षा' के नारों के साथ युवाओं ने सामुदायिक सहभागिता के साथ जागरूकता का संदेश दिया। द्वितीय चरण में, वर्तमान समय में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर मानपुरा ग्राम के मुख्य मार्गों से गुजरी। स्वयंसेवकों ने बैनर और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया। शिविर के अंतिम चरण में 'सड़क सुरक्षा' विषय पर एक विशेष बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने कहा कि, 'सड़क नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह जीवन के प्रति सम्मान का प्रतीक है।' कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्य सुबोध कुमार शर्मा, ज्योति रिठोदिया, मीनाक्षी शर्मा, शिवराज गोठवाल एवं सीताराम ने भी सड़क सुरक्षा के तकनीकी और नैतिक पहलुओं पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने युवाओं को प्रेरित किया कि वे स्वयं अनुशासित रहकर समाज के लिए एक रोल मॉडल बनें।

## भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा की हुरड़ा माहेश्वरी भवन में आयोजित हुई कार्य समिति बैठक

# शिक्षा एवं तकनीक के आधार पर ही माहेश्वरी समाज और उसका व्यापार, व्यवसाय बढ़ेगा: रामपाल सोनी

### माहेश्वरी समाज कन्या जन्म को उत्सव के रूप में मनायेगा, अर्थमंत्री सुशील मरोठिया ने गत वर्ष का लेखा-जोखा रखा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा द्वारा रविवार को जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती की अध्यक्षता में हुरड़ा तहसील के आयोजन हुरड़ा माहेश्वरी भवन में जिला माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा की कार्य समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ तहसील के संरक्षक बसंतीलाल कालिया, महासभा अर्थमंत्री राजकुमार कालिया, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, जिला मंत्री रमेश चंद्र राठी ने द्वीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। स्वागत उद्बोधन जिला संयुक्त मंत्री दिनेश तोषनीवाल ने दिया। अतिथियों को तिलक लगा कर, दुपट्टा ओढ़ाकर तहसील मंत्री बालमुकुंद मोदी द्वारा भाव भिना स्वागत किया। कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सभापति रामपाल सोनी ने कहा की समय के अनुसार जिसने भी अपने को तकनीकी, शिक्षा एवं ज्ञान के आधार पर परिवर्तित किया है वही आगे बढ़ पाया है। माहेश्वरी समाज भी इसी क्रम में समाज की प्रतिभाओं को





तकनीकी ज्ञान, शिक्षा के माध्यम से भावी पीढ़ी को प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा कर शिक्षा, व्यापार, रोजगार एवं तकनीक में अपनी सहायता एवं सहयोग कर रहा है। समाज के वरिष्ठ जन एवं महासभा के पदाधिकारी समय-समय पर योजना बनाकर समाज में अपने दायित्व का निर्वाह कर समाज की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती ने महासभा में अधिवेशन के अवसर पर लिए गए निर्णय में से निम्न प्रस्ताव जिला स्तर पर भी लागू करने का सदन से आग्रह किया, जिसमें विशेष रूप से समाज की गति जनसंख्या और बढ़ते लिंगानुपात की समस्या को ध्यान में रखते हुए कन्या जन्म को उत्सव के रूप में मनाने एवं परिवार में तीसरी या अधिक संतान जन्म पर प्रोत्साहन स्वरूप राशि देने का निर्णय लिया, साथ ही बालक एवं बालिका का सही उम्र में विवाह हो इसके लिए बालिका की 22 वर्ष तक एवं बालक की उम्र 25 वर्ष तक शादी करने का प्रस्ताव रखा एवं जो नवीन दंपति इस उम्र तक विवाह करते हैं उन्हें महासभा द्वारा शगुन स्वरूप राशि दी जाएगी एवं ऐसे दंपत्ति का समाज स्तर पर सम्मान किया जाएगा। सामाजिक बैठके मितव्ययता को ध्यान में रखते हुए सामाजिक भावन में ही करने का निर्णय रहा, साथ ही वर्तमान में बढ़ रही कुरीतियां बेबी शावर, बैचलर पार्टी, आफ्टर पार्टी एवं अन्य इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों के द्वारा अर्थ, संस्कार एवं संस्कृती का क्षरण किया जा रहा है और फिजूल खर्च बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिला सभा द्वारा ऐसे कार्यक्रमों पर सामाजिक स्तर पर प्रतिबंध लगाया जाता है। पुर्व सभापति रामपाल सोनी ने सदन से आग्रह किया कि अब समय तेजी से बदल गया है आप समाज के नेतृत्व करता है अब भविष्य में समय के अनुसार तकनीकी को अपनाते हुए नेतृत्व प्रदान कर सके ऐसे कार्यकर्ताओं को आप चयनित कर तहसील जिला, प्रदेश एवं महासभा में भेज कर संगठन को मजबूती प्रदान करें। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी ने सदन को कहा कि हम सबको रहना कर संगठित रहना है, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, हम बटेंगे तो, हम कटेंगे इस बात को ध्यान में रखते हुए संगठन में कार्य करना है। महासभा कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी ने सदन को बताया कि महासभा के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज के मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों हेतु शिक्षा, चिकित्सा एवं सामाजिक सुरक्षा का कार्य किया जा रहा है जिससे कोई भी समाज बंधु अपने को हीन भावना से ग्रसित ना समझे एवं प्रतिभावों को निखारने का अवसर प्राप्त हो ऐसा महासभा का प्रयास है एवं उनका जीवन स्तर ऊपर उठाकर समक्ष बने ऐसे प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में महासभा के विभिन्न ट्रस्टों के कार्य को देख रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने समाज मे आर्थिक रूप से कमजोर विधवा बहनों को दी जा रही सहायता से अवगत कराया एवं विभिन्न ट्रस्टों में किए गए समयानुरूप परिवर्तन की जानकारी भी दी। जिले के अर्थमंत्री सुशील मरोठिया ने गत वर्ष का लेखा-जोखा रखा जिसे सदन में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया, साथ ही जिले के सह मंत्री राजेंद्र पोरवाल ने महासभा के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देते हुए सदन से आग्रह किया कि आप समय-समय पर इन्हें अपडेट करते रहे ताकि उसी के अनुरूप महासभा अपनी योजना बना सके। महासभा के अर्थ मंत्री राजकुमार कालिया ने सदन को बताया कि महासभा वर्तमान सत्र में विभिन्न सहयोगी ट्रस्टों के माध्यम से एक वर्ष में लगभग 10 से 11 करोड रुपए की आर्थिक सहायताएं समाज जनों तक पहुंच रही है, आपने अपने उद्बोधन में समय अनुकूल परिवर्तन कर कार्य करने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य शिव कास्ट ने पधारे हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप बलदवा, उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, संयुक्त मंत्री रमेश बसेर, सहित प्रदेश के उपाध्यक्ष सत्येंद्र बिरला, अर्थ मंत्री दीनदयाल मारू, संगठन मंत्री ओमप्रकाश गटयाणी, कार्यालय मंत्री देवेंद्र सोमानी, युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी सहित सभी तहसीलों के अध्यक्ष मंत्री हुरड़ा तहसील के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। तहसील सभा हुरड़ा के सदस्यों द्वारा रामपाल सोनी को अटल अवार्ड एवं समाज रत्न से सम्मानित होने पर पगड़ी, शाल दुपट्टा ओढ़ाकर, पुष्प हार एवं पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मान किया गया।

# तहसील प्रशासन ने चार बार शुरू की 70 बीघा चारागाह भूमि में खड़ी फसल की नीलामी की प्रक्रिया

### फिर नहीं लगाई किसी भी ग्रामीण ने बोली

### चौथी बार भी प्रशासन नहीं कर पाया फसल की नीलामी

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

गांव रीझवास में 70 बीघा चारागाह भूमि में खड़ी सरसों एवं गेहूं की फसल की नीलामी तहसील प्रशासन चौथी बार भी नहीं कर पाया। तय तिथि के मुताबिक सोमवार को तहसील परिसर में राजस्व विभाग की टीम ने चौथी बार फिर से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की लेकिन किसी भी ग्रामीण ने पहले की तरह इस बार भी बोली नहीं लगाई जिसके कारण फसल की नीलामी नहीं हो सकी। नीलामी प्रक्रिया के दौरान गांव रीझवास के सैकड़ो ग्रामीण तहसील परिसर में मौजूद रहे। तहसीलदार संजीव धाकड़ एवं गिरदावर लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि सूरौठ तहसील के गांव रीझवास में खसरा नंबर 1260 की करीब 70 बीघा चारागाह भूमि पर 25 ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर सरसों एवं गैहू की फसल बो रखी है। इस मामले में तहसील प्रशासन ने पिछले दिनों अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ 91 की कार्रवाई करते हुए फसल की नीलामी के आदेश जारी किए थे। तहसील प्रशासन ने पहले 3 फरवरी को रीझवास की 70 बीघा चारागाह भूमि में खड़ी फसल की तहसील कार्यालय में नीलामी करने के आदेश जारी किए थे। सबसे पहले नीलामी की तिथि 3 फरवरी तय की गई थी। 3 फरवरी को किसी भी ग्रामीण की ओर से बोली नहीं लगाए जाने के कारण तहसील प्रशासन ने फसल की नीलामी के लिए 13 फरवरी की तिथि निश्चित की थी। 13 फरवरी को भी किसी ग्रामीण ने बोली नहीं लगाई। इसके पश्चात तहसील प्रशासन ने चारागाह भूमि में खड़ी फसल की नीलामी के लिए 18 फरवरी की तिथि तय की थी। लेकिन बोली नहीं लगाने की वजह से 18 फरवरी को भी नीलामी नहीं हो सकी। इसके बाद तहसील प्रशासन ने 23 फरवरी को फसल की नीलामी करना तय किया था। 23 फरवरी को सुबह 11 बजे फसल की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई। नीलामी की प्रक्रिया के दौरान तहसीलदार संजीव धाकड़, गिरदावर लक्ष्मी नारायण शर्मा, पटवारी श्याम सिंह सोलंकी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। शाम 5 बजे तक किसी भी ग्रामीण ने बोली नहीं लगाई जिसके कारण सोमवार को भी फसल की नीलामी नहीं हो सकी।

# आपात स्थिति से निपटने के लिए हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया प्लांट में लेवल-3 मॉक ड्रिल

## एसओ2 गैस लीकेज पर पाया तुरंत काबू

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में सोमवार सुबह 'हाइड्रो-2 रोस्टर प्लांट' में स्ह्2 (सल्फर डाइऑक्साइड) गैस लीकेज की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। जिंक प्रबंधन और जिला प्रशासन ने तुरंत हरकत में आते हुए बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए। मुस्तैदी से स्थिति पर नियंत्रण पाने के बाद जब पता चला कि यह एक 'मॉक ड्रिल' थी, तब सभी ने राहत की सांस ली।

NDMA के दिशा-निर्देशों पर हुई ड्रिल भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में यह 'लेवल-3 आपातकालीन प्रतिक्रिया मॉक ड्रिल' आयोजित की गई। सुबह 11:01 बजे हाइड्रो-2 रोस्टर प्लांट के एचजीपी आउटलेट डक्ट एरिया में गैस लीकेज की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद जिंक प्रशासन की फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

प्रशासन को दी गई सूचना, पड़ोसी उद्योगों से मांगी मदद घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर आलोक रंजन और जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी को तत्काल स्थिति और तैयारियों की जानकारी दी गई। साथ ही, आस-पास के उद्योगों बिड़ला सीमेंट वर्क्स और आईओसीएल जालमपुरा से भी



मदद मांगी गई। मॉक ड्रिल के तहत सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया तथा प्लांट में उपलब्ध फायर हाइड्रेंट सिस्टम व फायर ब्रिगेड की मदद से स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया।

कंट्रोल रूम से की गई निगरानी चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड और 'साइट इमरजेंसी कंट्रोलर' आलोक रंजन ने कंट्रोल रूम से पूरी स्थिति की निगरानी की और सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर हिंदुस्तान जिंक के सेफ्टी हेड बालचंद पाटीदार और 'इंसिडेंट कंट्रोलर' के. महेश कन्नन ने स्थिति को काबू में करने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व किया।

बाहरी सहायता पहुंचने से पहले ही जिंक प्रशासन ने स्थिति पर पूरी तरह काबू पा लिया था। सूचना पर वरिष्ठ कारखाना एवं बॉयलर निरीक्षक सूरज प्रकाश जांगिड़, गंगरार थानाधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम का जाब्ता, चंदेरिया व चित्तौड़गढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। इसके अलावा, श्री सांवलिया जी सामान्य चिकित्सालय की एंबुलेंस, बिड़ला सीमेंट की दमकल, 108 एंबुलेंस, गंगरार एंबुलेंस, चित्तौड़गढ़ अग्निशमन और जीआरपी ने पहुंचकर सुरक्षा बंदोबस्त में अहम भूमिका निभाई। उपस्थित अधिकारियों ने इस मॉक ड्रिल को बेहद सफल और सराहनीय बताते हुए किसी भी वास्तविक आपदा में ऐसी ही तत्परता दिखाने के निर्देश दिए।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मॉक ड्रिल के दौरान आईओसीएल के उप-प्रबंधक (सुरक्षा) अंकित कुल्हारी, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर से पुष्पेंद्र मीणा, रवींद्र चौहान, भेरूलाल जाट और सुभाष चंद्र बडासरा मौजूद रहे। वहीं, सेफ्टी विभाग से अभिषेक कोठारी, विनय, शुभम साहू, उषा शर्मा तथा सिक्योरिटी विभाग से जी. मल्लेश्म, प्रियंका, देवराज सिंह चुंडावत और ऐश्वर्या पालीवाल भी उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में भाजपा ओबीसी मोर्चा की समीक्षा बैठक संपन्न



## मंडल और बूथ इकाइयों को मजबूत करने का संकल्प

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत के प्रस्तावित भीलवाड़ा प्रवास की तैयारियों की समीक्षा करना और संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा।

### संगठन की मजबूती पर जोर

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में मंडल एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीतो-चुनाव जीतो' के मंत्र के साथ सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति

बैठक के दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़, जिला महामंत्री सज्जन सुथार एवं रवि पुरी सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। साथ ही जिला उपाध्यक्ष यशवर्धन सेन, कल्याण आचार्य, नंदलाल गाडरी, मूलचंद रेबारी, जिला मंत्री चुन्नीलाल कुमावत, रतन आचार्य, दलीचंद गाडरी, कैलाश सोनी, नारायण जाट, ललित भाटी और जिला कार्यकारी सदस्य अंबालाल कुमावत, शंकर गुर्जर, नानूराम माली, रूपलाल जाट, किशन रेबारी सहित बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थत थे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूर्ण निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# हनुमान जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** श्री मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा आगामी हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक हरनी महादेव स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष महीपत सिंह हाड़ा ने बताया कि हनुमान जयंती का पर्व धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए महिलाओं की भागीदारी, सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।

निर्णय लिया गया कि हनुमान जयंती के अवसर पर अखाड़ों के प्रदर्शन, बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों एवं सजे-धजे रथ के साथ बालाजी महाराज की भव्य रेली निकाली जाएगी। शोभायात्रा को आकर्षक एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं।

बैठक में समिति के सदस्य रवि पाल, कीर्तिपाल सिंह, कुंदन सिंह बड़दौड़, अरुण सिंह पंवार, मोनू जैन, चंदन सिंह, युवराज सिंह, शंकर वैष्णव, नारायण धोबी, हेमेन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह सहित सभी वार्डों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समिति ने हनुमान जयंती को भव्य और अनुशासित तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

# ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में ग्राम पंचायत सावा में अधूरे पड़े विकास कार्यों के लिए पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में धरना आयोजित

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सावा में कांग्रेस सरकार में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में सावा बस स्टैंड पर धरना आयोजित हुआ।

पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने संबोधित कर कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विधानसभा क्षेत्र में बजट में स्वीकृत जनहित की योजनाओं को शुरू नहीं करना भाजपा की विफलता को साबित करता है। आईटीआई कार्य पूर्ण हुआ



उनको विभाग को नहीं सौंप रहे है, स्वीकृत उप तहसील को भी शुरू नहीं किया जा रहा है, मीणा का कंथारिया सड़क निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है इसको लेकर यह धरना आयोजित किया गया है। भाजपा का क्षेत्र के विकास में कोई योगदान नहीं है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता त्रिलोक चंद जाट, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, वरिष्ठ नेता अर्जुन रायका, प्रशासक कन्हैयालाल मेघवाल, पूर्व सरपंच मोहनलाल पुरबिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किशनलाल जोशी, अकरम खान, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अवदेश नवाल, एनएसआई के पूर्व अध्यक्ष कविश शर्मा, मनोहर जाट, मनोहर जैन, मांगीलाल डांगी, किशन मेघवाल, निजाम शेख, श्रीलाल गुर्जर, कालूराम मेघवाल, अमजद शेख, विष्णु मेघवाल, सरफराज खान, खलील मास्टर शेख, शांतिलाल पितलिया, रामचंद, करण सिंह जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक आक्या ने विधानसभा में रखी चित्तौड़गढ़ में नवीन साइंस, कॉमर्स, आयुर्वेद एवं बीएड कॉलेज खोलने मांग

स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने सोमवार को विधानसभा में उच्च शिक्षा के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में नवीन साइंस, कॉमर्स, आयुर्वेद एवं बीएड कॉलेज खोलने व वन एवं पर्यावरण के माध्यम से मोडिया महादेव, निलिया महादेव मंदिर, मिंडकी महादेव और केलझर महादेव वन क्षेत्र को विकसित करने की मांग रखी।

विधायक आक्या ने सोमवार को सदन में बोलते हुए राजस्थान की भजनलाल सरकार को गत दो




वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यो की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होने सदन में उच्च शिक्षा पर बोलते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6 हजार से अधिक हो गई है जिससे महाविद्यालय की व्यवस्थाओं में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है इसलिए चित्तौड़गढ़ में विज्ञान व वाणिज्य संकाय के लिए अलग से कॉलेज खोले जाये।

विधायक आक्या ने सदन में अरावली पहाड़ी क्षेत्र में किये जा रहे अवैध खनन कार्य पर चिंता जाहीर करते हुए कहा की इससे प्रकृती का संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होने सरकार से इसे रोकने की मांग की। विधायक आक्या ने कहा की चित्तौड़गढ़ में सीमेंट व हिन्दुस्तान जिंक जैसे अनेक सयंत्र है जिससे बहुत प्रदुषण हो रहा है, इस प्रदुषण से क्षेत्र का पानी भी दुषित हो रहा है जो मानव व पशुओ के लिए चिंता का विषय है। उन्होने प्रदुषण से निजात दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने की मांग की। विधायक आक्या ने वन एवं पर्यावरण पर बोलते हुए चित्तौड़गढ़ विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले मोडिया महादेव, निलिया महादेव, मिडकी महादेव और केलझर महादेव वन क्षेत्र को इको ट्यूरिज्म में विकसित करने हेतु बजट देने की मांग रखी।

# बाबा श्याम के पैदल यात्रियों के लिए सेवा शिविर का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल | बानसूर

निकटवर्ती ग्राम महनपुर में बाबा श्याम के पैदल यात्रियों की सेवा के लिए एक सेवा शिविर का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभकिया गया। यह शिविर विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्थापित किया गया है जो बाबा श्याम की यात्रा पर पैदल जा रहे हैं। शिविर में यात्रियों के लिए कई निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें भोजन, चाय, पानी, फल, विश्राम की व्यवस्था और प्राथमिक उपचार शामिल हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान आवश्यक सहायता प्रदान करना है। न्यू मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल महनपुर के निदेशक हंसराज कुमावत ने बताया कि यह सेवा शिविर यात्रा अवधि तक लगातार संचालित रहेगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चलें ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर हजारीलाल बाबूजी, पूर्व सरपंच बाबूलाल चौहान, मानाराम कुमावत, प्रमोद शेखावत, रामावतार कुमावत, पूर्व पंच अशोक कुमार, दिनेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, शशिकांत शर्मा, दीपक सोनी, रामजीलाल कुमावत,प्रधानाचार्य सुरेंद्र यादव, सह निदेशक अनिल कुमावत, बिक्रम कुमावत, घनश्याम कुमावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

# सड़क पर भरा गंदा पानी, ग्रामीण परेशान



स्मार्ट हलचल |बानसूर

निकटवर्ती ग्राम हाजीपुर में मुख्य रास्तों पर नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होने से हालात बदतर हो गए हैं। पानी की टंकी से लगातार हो रहे ओवरफ्लो और सफाई व्यवस्था ठप रहने से सड़कों पर कीचड़ और गंदगी फैल गई है। इससे राहगीरों, बाइक सवारों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। फिसलन के कारण लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और ग्राम विकास अधिकारी को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। ग्राम विकास अधिकारी गोविंद शर्मा ने बताया कि पंचायत जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर नालियों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराएगी, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी सहित पिकअप वाहन जब्त, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गेरिया गांव में प्रतिबंधित प्रजाति के नीम के पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। रविवार को दिनदहाड़े लगभग 4 से 5 नीम के पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी पिकअप वाहन में लादकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लकड़ी से लदे पिकअप वाहन को पकड़ लिया। वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की गई।

वन विभाग की पूछताछ के दौरान अवैध कटान में अनीश पुत्र रईस, निवासी ग्राम हकीमपुर खंतवा तथा मनीष पुत्र स्वर्गीय बांकेलाल, निवासी ग्राम हरदासपुर के नाम सामने आए। दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम,



1978 की धारा 4 तथा इमारती लकड़ी एवं वन उपज से संबंधित अधिनियम की धारा 3 एवं 8 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। साथ ही जब्त की गई लकड़ी को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया कि प्रतिबंधित पेड़ों की कटान की सूचना मिलने पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि संबंधित लोग बगीचे में प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर लकड़ी बिक्री के लिए ले जा रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वनों और प्रतिबंधित प्रजाति के वृक्षों के साथ छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी।

# सीधी भर्ती परीक्षा से जिले को मिले 99 नये पटवारी

**चित्तौड़गढ़।** राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर द्वारा आयोजित सीधी भर्ती पटवार प्रतियोगी परीक्षा-2025 के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित 99 अभ्यर्थियों को जिला आवंटित किया गया है।

प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख ने बताया कि इन अभ्यर्थियों को 23 फरवरी से पटवारी पद पर दो वर्ष की अवधि के लिए प्रोबेशन ट्रेनी के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है। नियुक्त अभ्यर्थियों को 25 फरवरी तक जिला कलक्टर कार्यालय परिसर, कक्ष संख्या 93 में अपने मूल दस्तावेजों की जांच करवानी होगी। दस्तावेज सत्यापन उपरांत सभी अभ्यर्थियों को 26 फरवरी को प्रधानाध्यापक, अस्थायी पटवार प्रशिक्षण केन्द्र (डॉ. अम्बेडकर भवन,डाइट रोड मीठाराम जी का खेड़ा चित्तौड़गढ़) पर उपस्थित होकर कार्यग्रहण करना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा, धरमसिंह भाटी और भरत बाघमार का जोरदार अभिनंदन

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा और जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी का ब्यावर आगमन पर आज सुभाष चौक, अजमेरी गेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत और अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के जोश और भारी उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता का परिचय दिया।

अभिनंदन समारोह के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा, जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूर्ण प्रतिबद्धता, निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।



भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बिगुलः कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा, 'हमारा प्राथमिक उद्देश्य जनता के हितों को सर्वोपरि रखना है। हमें एकजुट होकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करना होगा। कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हम सबको मिलकर संघर्ष करना है। हम सरकार और प्रशासन को जनहित की नीतियों को लागू करने के लिए मजबूर कर देंगे।'

एकजुटता का संदेशः समारोह के दौरान जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने भी अपने संक्षिप्त एवं प्रभावी संबोधन में संगठन को और अधिक गतिशील बनाने और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा करने की बात कही।

भव्य स्वागतः पूर्व प्रवक्ता ब्लॉक कांग्रेस रवि डंडायत ने बताया कि सायं 4:00 बजे जैसे ही नवनियुक्त अध्यक्षगण कार्यक्रम स्थल पहुंचे,



कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों और पुष्पहारों से उनका स्वागत किया। उपस्थित साथियों एवं सहयोगियों ने नवनियुक्त अध्यक्षों को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यकर्ताओं ने 'मिलकर संगठन को मजबूत बनाएंगे' के संकल्प के साथ एकजुटता का नारा बुलंद किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक माणक डाणी, अल्पसंख्यक विभाग ज़िलाध्यक्ष अज़मत काठात, अनुसूचित जाति ज़िलाध्यक्ष बिरदीचन्द खोरवाल, पूर्व विधायक माणक डाणी, पूर्व सभापति गोविंद पंडित, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सामरिया, पूर्व प्रधान लाल मोहम्मद, मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, मंडल अध्यक्ष सिकंदर काठात, चिकित्सा प्रकोष्ठ ज़िलाध्यक्ष नरेंद्र काठात, बशीर मोहम्मद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सरदारा काठात, आदम काठात, शकूर काठात, शम्भू काठात, शौकीन काठात, कांग्रेस नेता मेघराज बोहरा, प्रवीण बडोला, अजय मूंदड़ा, जितेंद्र सिंह राजावत, विपिन जावा, पूर्व पार्षद सरस्वती शर्मा, मोहम्मद हारून, लियाकत अली, बन्ना काठात, योगेश सामरिया, अजय खोरवाल, मोहम्मद इकबाल, दीपक सामरिया, मनोज शर्मा, एडवोकेट विजय पारीक, योगेश पंचोली, डाल चंद शर्मा, मोहन लाल भोपलावत, अनिल टाइगर, प्रशांत प्रजापत, भरत काठात, शाबू काठात, मदन मोहन त्रिपाठी, मोहम्मद साजिद, आवेश नागौरी, गोपाल गुरु, राहुल सामरिया, अभिषेक जैन, ओम प्रकाश माली, हीरा काठात, प्रहलाद सेन, यूसुफ खान, जतन गहलोत, दिलीप सोलिवाल, ललित सोनी, फिरोज़ काठात, अनिल बोहरा, छगन कतिरिया, एडवोकेट भंवर महेंद्र सिंह जामोला, महेंद्र सिंगारिया, राजेश व्यास, पुरुषोत्तम सेवानी, विजय तंवर, नवीन पुरोहित, राजेन्द्र अग्रवाल, सन्नी खोरवाल, मदन परसोया, दीपक सिंगारिया, जगदीश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# चेक अनादरण के मामले में सजायाफ्ता फरार आरोपी जेल भेजा

**राशमी।** पुलिस ने चेक अनादरण के मामले में सजायाफ्ता फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मरमी निवासी राधेश्याम विजयवर्गीय ने गंगरार थाना अंतर्गत कुरातिया निवासी मगनीराम जाट पुत्र रंगलाल जाट के विरुद्ध अपने अधिवक्ता राजेंद्र सुखवाल के मार्फत न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष वर्ष 2015 में चेक अनादरण को लेकर मामला दर्ज करवाया था। स्थानीय न्यायालय ने आरोपी को 1 वर्ष के साधारण कारावास व 1 लाख 15 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया। उक्त निर्णय के खिलाफ आरोपी मंगनीराम जाट ने एएडीजे कोर्ट कपासन में अपील पेश की, जिस पर अपीलीय न्यायालय ने अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को यथावत रखा। लेकिन आरोपी मई 2025 से फरार हो गया जिस पर पुलिस ने आरोपी की तलाश कर सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 1 वर्ष की साधारण सजा सुनाई।

# कोटा महोत्सव में पुष्प प्रदर्शनी का अविस्मरणीय आयोजन, उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल|कोटा



कोटा महोत्सव के रंगीन कैनवास पर इस बार दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी ने ऐसी धूम मचाई कि शहर देखता रह गया! किशोर सागर तालाब की ऐतिहासिक पाल, 22 और 23 फरवरी 2026 को फूलों के एक ऐसे अद्भुत संसार में बदल गई, जहाँ हर उम्र का व्यक्ति सम्मोहित सा खिंचा चला आया। दोनों दिन प्रदर्शनी स्थल पर पैर रखने की जगह नहीं थी, जनसैलाब उमड़ पड़ा था और हर चेहरे पर फूलों सा ही निखार दिख रहा था! लगभग एक लाख से अधिक लोगों ने इस पुष्प प्रदर्शनी में शिरकत की, जिसने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

अधीक्षक उद्यान अमरीश शर्मा ने बताया, 'यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से हर वर्ष फरवरी के प्रथम सप्ताह में होता आ रहा है। इस वर्ष कोटा महोत्सव के साथ इसे शामिल किया गया है, जिसकी शहरवासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है। तालाब की पाल की सुंदरता उसमें चार चाँद लगा देती है।' उन्होंने आगे कहा, 'कोटा में होने वाले कार्यक्रमों में इस पुष्प प्रदर्शनी में रिकॉर्ड फुटफॉल होता है। शाम होते-होते तो यहाँ हर उम्र के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है, जिससे पाँव रखने की जगह भी नहीं रहती। '

प्रदर्शनी का दिल थे फूलों से लबरेज 'सेल्फी पॉइंट्स', जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर छा गए। यहाँ की हर तस्वीर एक कहानी कह रही थी! कल्पना कीजिए - ट्यूलिप की शाही खूबसूरती, ऑर्किड का विदेशी अंदाज़, रेनेकुलस की नाजुकता और डच रोज़ का प्रेम...ये सब एक साथ मिलकर एक ऐसा इंद्रधनुषी मेला बना रहे थे, जिसने पूरे वातावरण को अपनी मादक सुगंध से भर दिया। यह केवल फूल नहीं, भावनाओं का एक महासागर था!

इस भव्य आयोजन में रंगोली, कट फ्लावर और बोनसाई जैसी प्रतियोगिताओं ने कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच दिया। शहर के हर कोने से, चाहे वो बड़े औद्योगिक घराने हों, सरकारी संस्थान हों, चहकती शैक्षणिक संस्थाएँ हों, लक्जरी होटल हों या हमारा प्यारा कोटा ग्रीन कम्युनिटी - सबने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का लोहा मनवाया, अनमोल पुरस्कारों पर अपना नाम लिखवाया! और हाँ, माहौल को जोशीला बनाए रखने के लिए आर्मी के बैगपाइपर और आर.ए.सी. के बॉस बैंड ने किशोर सागर तालाब की पाल पर हजारों दर्शकों के दिलों पर अपनी धुन से राज किया। उनकी सुरीली और शक्तिशाली प्रस्तुतियों ने जैसे पूरे वातावरण में एक नई ऊर्जा भर दी!

यह अनूठा आयोजन रविवार देर रात तक चलता रहा। संभागीय आयुक्त कोटा अनिल कुमार अग्रवाल, आईजी पुलिस कोटा रेंज राजेंद्र प्रसाद गोयल, आयुक्त नगर निगम अजय कुमार मेहरा, उपायुक्त नगर निगम दयावती और उद्यान अधीक्षक अमरीश शर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विजेताओं और सभी समर्पित प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हैरत की बात यह थी कि आधिकारिक समापन के बाद भी, रात बारह बजे तक फूलों के इस मायावी संसार को निहारने वालों का तांता लगा रहा। पर्यावरण प्रेमी प्रणव राज सिंह खींची ने इस शानदार आयोजन के लिए जिला प्रशासन और अधीक्षक उद्यान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'इस वर्ष जिला प्रशासन, राजस्थान टूरिज्म, नगर निगम कोटा और कोटा विकास प्राधिकरण ने इसमें चार चाँद लगा दिए और शहरवासियों की इच्छा पूर्ण कर दी। ऐसे आयोजनों के लिए मैं साधुवाद देता हूँ!' यह प्रदर्शनी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कोटा के सांस्कृतिक कैलेंडर पर एक चमकदार सितारा बन गई!

# किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष एवं एनएसयूआई के सचिव का सम्मान



स्मार्ट हलचल

**निवाई।** किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान एवं एनएसयूआई के सचिव गिर्राज मीणा का ग्रामीणों ने माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। किसान महापंचायत के शंकरलाल मीणा ने बताया कि किसानों की मांगों को लेकर लगातार संघर्ष करने कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई एवं एनएसयूआई के सचिव गिर्राज मीणा को बनस्थली मोड़ पर ग्रामीणों द्वारा राजस्थानी परंपरानुसार माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, शंकरलाल चौधरी, लालचंद मीणा, ओमप्रकाश शर्मा, हरी मीणा, हनुमान शर्मा, महेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, हरिनारायण शर्मा, राजेश टेलर व लक्ष्मी नारायण सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोटा ज़री की चमक को वैश्विक मंच पर सम्मान

## दिल्ली में गूंजी हाड़ौती की हस्तकला, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा मान

स्मार्ट हलचल|कोटा



हाड़ौती की पारंपरिक शिल्प विरासत को राष्ट्रीय राजधानी में नई पहचान मिली है। नई दिल्ली में आयोजित 'ज्वेल्स ऑफ़ इंडिया - भारत की शान, भारत का अभिमान' समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कोटा की 'सोनचिरैया' ब्रांड की सह-संस्थापक प्रीति सिंह पारीक को कोटा की पारंपरिक ज़री साड़ी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित पहचान दिलाने के लिए सम्मानित किया। यह मंच भारतीय उद्यमशीलता, सांस्कृतिक अस्मिता और वैश्विक प्रभाव को रेखांकित करने वाली विशिष्ट उपलब्धियों का सम्मान करता है। समारोह में देश-विदेश की 29 चुनिंदा हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने भारतीय संस्कृति की छाप विश्व पटल पर अंकित की है। प्रीति सिंह को मिला यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कोटा की बहू के रूप में शहर के लिए गर्व का क्षण भी है।

कोटा की पारंपरिक ज़री साड़ी अब वैश्विक फैशन और सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। फ्रांस में आयोजित प्रतिष्ठित Cannes Film Festival में यह साड़ी दो बार रेड कार्पेट पर आकर्षण का केंद्र बनी। मास्टरकार्ड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर की पत्नी ज्योति राजामन्नार ने कोटा ज़री साड़ी धारण कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर इसकी गरिमा को नई ऊंचाई दी।

इसके अतिरिक्त राधिका राजे गायकवाड़, अंबिका राजे, रश्मि राजे, टीना अंबानी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने विभिन्न भव्य आयोजनों में कोटा ज़री साड़ी को अपनाकर इसकी शान बढ़ाई है। उद्योग जगत से जुड़े नामों की सहभागिता ने भी इस पारंपरिक परिधान को आधुनिक वैश्विक पहचान दिलाने में भूमिका निभाई है।

### कैथून की करघों से उठती परंपरा की ध्वनि

कोटा के निकट स्थित कैथून कस्बा ज़री बुनाई की आत्मा माना जाता है। वर्ष 2017 में स्थापित 'सोनचिरैया' ने 2020 में कैथून के विशेषज्ञ शिल्पकारों के साथ मिलकर इस पारंपरिक कला के पुनरुद्धार का अभियान प्रारंभ किया।

सोने और चांदी के महीन तारों से हाथों द्वारा बुनी जाने वाली ज़री साड़ी को तैयार करने में तीन माह से अधिक का समय लगता है। यह केवल परिधान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित कौशल, धैर्य और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। वर्तमान में 2000 से अधिक कारीगर इस शिल्प परंपरा से जुड़े हैं और इसे जीवित रखने का दायित्व निभा रहे हैं।

प्रीति सिंह पारीक का कहना है कि उद्देश्य केवल फैशन का विस्तार नहीं, बल्कि उस कला को पुनर्जीवित करना है, जो समय के साथ लुप्तप्राय होती जा रही थी। उनका प्रयास है कि दुनिया देखे—कैथून की गलियों में आज भी सदियों पुरानी बुनाई परंपरा सजीव है।

कोटा की ज़री साड़ी को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान वस्तुतः उन कारीगरों की मेहनत का सम्मान है, जिनके करघों की थाप से इतिहास, संस्कृति और सौंदर्य की एक अद्वितीय गाथा बुनी जाती है। दिल्ली में गूंजी यह गूंज अब वैश्विक परिदृश्य में कोटा की पहचान को और सशक्त करेगी।

# छात्रों ने दिखाई विज्ञान और कला में प्रतिभा, 100 से अधिक मॉडल प्रस्तुत

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** यहां आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता 2025-26 के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस प्रतियोगिता में 50 विद्यालयों के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना था।

इस भव्य आयोजित किए गए कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दक्षिण के एडीसीपी योगेश कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने पर जोर दिया कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।

बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हुए देश और समाज के हित में सार्थक शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने 100 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसके प्रमुख आकर्षणों में - चंद्रयान-3, ऑर्गेनिक फार्मिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, 3ष्ठ होलोग्राम आदि पर आधारित प्रोजेक्ट शामिल रहे। इसमें सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल को पुरस्कार दिया गया।

इस अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता में छात्र / छात्राओं ने महाकुंभ का दृश्य, बनारस घाट, 2050 में भारत का दृश्य, दुनिया मेरे सपनों की इत्यादि विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उतारा। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

इस मौके पर संबोधित करते हुए संस्था के प्रखर शिक्षाविद प्रधानाचार्य साकेत सिंह ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है, विज्ञान हमें तर्क देता है और कला हमें संवेदनशील बनाती है।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक और हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले व्यवहार कुशल समाज सेवी श्री राम प्रकाश मिश्रा, श्री ब्रह्म प्रकाश मिश्रा, निदेशक श्री आशीष मिश्रा के साथ ही श्रुति पाण्डेय, शिक्षिक प्रतिनिधि श्रीमती दिव्या त्रिवेदी, श्रीमती अनुराधा शुक्ला सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय स्लीप कॉन्फ्रेंस में कोटा के डॉ. विनीत जैन का शोध प्रस्तुत

## एक्सपेंशन फैरिन्गोप्लास्टी' पर डॉ.विनीत जैन का अंतरराष्ट्रीय मंच पर व्याख्यान

स्मार्ट हलचल|कोटा



पहली बार भारत में आयोजित इंटरनेशनल सर्जिकल स्लीप सोसाइटी की 14वीं वार्षिक बैठक एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स फॉर स्लीप एप्निया के संयुक्त सम्मेलन में कोटा के डॉ. विनीत जैन को फैकल्टी सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया। जेडब्ल्यू मैरियट, सहार (मुंबई) में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 30 देशों के 400 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया।

डॉ. विनीत जैन ने सम्मेलन में खर्राटों और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के उपचार में उपयोगी आधुनिक शल्य तकनीक 'एक्सपेंशन फैरिन्गोप्लास्टी' पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि यह तकनीक पारंपरिक सर्जरी से अलग है, क्योंकि इसमें गले (फैरिंक्स) की मांसपेशियों और ऊतकों को संरक्षित रखते हुए वायुमार्ग को वैज्ञानिक तरीके से चौड़ा किया जाता है।

उन्होंने कहा कि सामान्यतः स्लीप एपनिया के मरीजों में गले का पिछला भाग संकुचित हो जाता है, जिससे नींद के दौरान वायुमार्ग अवरुद्ध होता है और खर्राटे तथा श्वास रुकने की समस्या उत्पन्न होती है। 'एक्सपेंशन फैरिन्गोप्लास्टी' में विशेष तकनीक के माध्यम से सॉफ्ट पैलेट और फैरिंजियल मसल्स को पुनर्संरचित कर एयरवे का विस्तार किया जाता है, जिससे श्वास प्रवाह सहज हो जाता है।

डॉ. जैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि इस तकनीक के प्रमुख लाभों में कम मांसपेशियों क्षति, बेहतर पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी, कम दर्द और दीर्घकालिक प्रभावशीलता शामिल हैं। यह विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है, जिन्हें सी-पैप मशीन से अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा या जो सर्जिकल विकल्प तलाश रहे हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि पिछले तीन वर्षों में वे 100 से अधिक सफल सर्जरी कर चुके हैं और उनके क्लिनिकल परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। सम्मेलन में प्रस्तुत आंकड़ों और केस स्टडीज को विशेषज्ञों ने सराहा।

इसके अतिरिक्त, डॉ. जैन ने 'Beyond Snoring' The Art and Science of Clinical Evaluation in SRBDÓ विषयक सत्र में चेयरपर्सन के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राजपूत समाज कोटा ने विधवा महिलाओं को दिया आर्थिक संबल



स्मार्ट हलचल|कोटा

सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए संगठन में शक्ति राजपूत समाज कोटा ने समाज की 20 जरूरतमंद एवं विधवा महिलाओं को फरवरी माह की पेंशन के रूप में प्रत्येक महिला के खाते में 800 रुपये की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। संगठन पिछले चार महीनों से निरंतर इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रहा है।

अध्यक्ष रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने बताया कि संगठन की यह पहल केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सार्थक कदम उठा रही है। अब तक 24 सिलाई मशीनें जरूरतमंद एवं विधवा महिलाओं को स्वरोजगार के उद्देश्य से वितरित की जा चुकी हैं, जिससे कई परिवारों को स्थायी आय का साधन प्राप्त हुआ है।

इसी क्रम में संगठन की गतिविधियों से प्रेरित होकर समाज की बेटी पर्णिका राजावत ने अपने जन्मदिन पर अपनी गुल्लक की बचत से दो सिलाई मशीनें जरूरतमंद महिलाओं को भेंट कर संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम शिवपुरा, कोटा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश, टीकम सिंह नरूका, गोपाल सिंह कानावत, भवानी सिंह सोलंकी, राजेश सिंह परिहार, बुद्धराज सिंह हाड़ा, तंवर भेरू सिंह राठौड़, अमित सिंह राजावत, अजमेरा सिंह राठौड़, नरेंद्र कुमार सिंह सेंगर एवं अरविंद सिंह तंवर सहित संगठन के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# 'निरोगी कोटा' अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन

## आईएमए कोटा के विशेषज्ञों ने विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

स्मार्ट हलचल|कोटा



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कोटा महोत्सव के अंतर्गत 'निरोगी कोटा' थीम पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कोटा के तत्वावधान में व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंबल रिवर फ्रंट स्थित पश्चिम घाट क्षेत्र में हुए इस आयोजन में आईएमए के वरिष्ठ चिकित्सकों ने आमजन को विभिन्न रोगों की रोकथाम, उपचार और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में आईएमए कोटा के अध्यक्ष डॉ. के. श्रृंगी ने मधुमेह (डायबिटीज) के बढ़ते प्रकोप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि असंतुलित खानपान, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने नियमित जांच, संतुलित आहार और व्यायाम को नियंत्रण का प्रभावी उपाय बताया।

महासचिव डॉ. मनीष बोहरा ने बच्चों में टीकाकरण की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि समय पर लगाए गए टीके बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं तथा समाज में सामूहिक प्रतिरक्षा को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने-अपने विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ. अविनाश बंसल ने बच्चों के स्कूल परिवेश में सावधानी एवं सुरक्षा पर प्रकाश डाला। डॉ. निर्मला शर्मा ने महिलाओं में ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और जागरूकता पर विचार रखे। डॉ. केवल डंग ने वायु प्रदूषण एवं धूम्रपान से बचाव के उपाय बताए।

डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने तनाव प्रबंधन,डॉ. मीनाक्षी शारदा ने बुजुर्गों की सेहत एवं देखभाल,डॉ. अशोक शारदा ने बच्चों में मोबाइल के दुष्प्रभावों पर चेताया। डॉ. शुभम जोशी ने हृदय रोगों की जानकारी एवं बचाव के उपाय साझा किए। डॉ. मामराज अग्रवाल ने गोल्डन ऑवर एवं ट्रॉमा इमरजेंसी के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. डी.के. शर्मा ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति एवं उपचार पर प्रकाश डाला। डॉ. विजय सरदाना ने लकवा (स्ट्रोक) के लक्षण, बचाव एवं त्वरित उपचार की जानकारी दी। डॉ. अनिल शर्मा ने फैटी लिवर रोग पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. राकेश जिंदल ने वर्तमान में जीवनशैली प्रबंधन को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। आहार विशेषज्ञ ममता सिंघल ने महिलाओं के पोषण एवं संतुलित आहार पर मार्गदर्शन दिया।

# वैश्विक रेल मानचित्र पर भारत की छाप—बरेका का दसवां स्वदेशी 3300 एचपी लोकोमोटिव मोजाम्बिक रवाना

## वाराणसी बन रहा है रेलवे लोकोमोटिव निर्यात केंद्र, मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित 3300 एचपी का स्वदेशी लोकोमोटिव — 'मेक इन इंडिया' की वैश्विक सफलता

स्मार्ट हलचल| बनारस





रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने एक बार फिर लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। बरेका द्वारा निर्मित स्वदेशी 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी 2026 को मोज़ाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि बरेका को मोज़ाम्बिक के लिए 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों का निर्यात आदेश प्राप्त हुआ था। इन लोकोमोटिवों की आपूर्ति एम/एस राइट्स के माध्यम से 10 लोकोमोटिवों के निर्माण एवं निर्यात के अनुबंध के अंतर्गत की गई है। पहले दो लोकोमोटिव जून 2025 में, तीसरा सितंबर में, चौथा अक्टूबर में तथा पाँचवाँ लोकोमोटिव 12 दिसंबर को भेजा गया था। इसके पश्चात छठा लोकोमोटिव 15 दिसंबर 2025, सातवां 8 जनवरी 2026, आठवां 23 जनवरी 2026, नौवां लोकोमोटिव 17 फरवरी 2026 को रवाना किया गया था यह निर्यात वैश्विक मंच पर लोकोमोटिव निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है।

बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से संचालन में सक्षम हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चालक-अनुकूल सुविधाएँ जैसे रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर तथा आधुनिक केबिन डिजाइन उपलब्ध हैं, जो चालक सुविधा और परिचालन दक्षता को और अधिक बेहतर बनाते हैं।

भारतीय रेल की उत्पादन इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) जो वाराणसी में स्थित है, अब लोकोमोटिव निर्माण के एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्वदेशी डिजाइन और उन्नत रेलवे प्रौद्योगिकी के निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के बल पर बरेका वैश्विक रेलवे बाजार में भारत की उपस्थिति को सशक्त बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक बरेका श्रीलंका, म्यांमार और मोज़ाम्बिक जैसे देशों को लोकोमोटिव निर्यात कर चुका है, जिससे उन देशों की रेलवे प्रणालियों के विकास में सहयोग मिला है।

'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विज़न के अनुरूप, ये निर्यात भारतीय रेल की उस क्षमता को प्रदर्शित करते हैं जिसके माध्यम से वह विश्व में प्रचलित विभिन्न गेज प्रणालियों के अनुरूप रोलिंग स्टॉक का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति कर सकती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल भागीदार देशों को उनके रेल अवसंरचना उन्नयन में सहयोग प्रदान कर रही है, साथ ही रेलवे रोलिंग स्टॉक एवं संबंधित सेवाओं के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत कर रही है। लोकोमोटिव निर्यात के क्षेत्र में बरेका की ये उपलब्धियाँ भारत की बढ़ती तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक रेलवे उपकरण बाजार में उसके निरंतर विस्तारित होते प्रभाव को प्रतिबिंबित करती हैं।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद जौनापुरिया का किया विरोध प्रदर्शन



## अहिंसा सर्किल पर जमकर की नारेबाजी

स्मार्ट हलचल

**निवाई।** गांव करेडा बुजुर्ग में पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया द्वारा अपने निजी कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम महिलाओं के साथ किए गए कथित व्यवहार के विरोध में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी व शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सौहार्द को बिगाडने वाली हैं। विरोध प्रदर्शन में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, नासिर कुरैशी, प्रदीप पारीक, प्रवीण माणू, तनवीर कुरैशी, पवन सांवलिया, विष्णु बोहरा, मोहम्मद अजहरूद्दीन, सीताराम कटारा, मुकेश बोहरा, पप्पूलाल मीणा, मदनलाल मीणा, ओम विजयवर्गीय, विनोद जायसवाल एवं रामअवतार बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नागौर में हिस्ट्रीशीटर पर बड़ी कार्रवाई, सरकारी जमीन पर बना मकान ध्वस्त

### 14 गंभीर मामले दर्ज

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** नागौर जिले में नशा तस्करों और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत अब उनकी अवैध संपत्तियों पर भी सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में खींवसर क्षेत्र के पांचला सिद्धा गांव में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक सूचीबद्ध हिस्ट्रीशीटर द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में की गई। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध रूप से बनाए गए मकान और चारदीवारी को गिरा दिया।



### सरकारी गौचर भूमि पर किया था कब्जा

जानकारी के अनुसार आरोपी भोपालराम बिश्नोई ने गैर मुमकिन गौचर भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बना रखा था। मकान के चारों ओर बाउंड्री वॉल भी खड़ी कर दी गई थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि यह निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया था, जिसके बाद राजस्व नियमों के तहत बेदखली की कार्रवाई की गई।

### 14 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज

खींवसर थानाधिकारी रामनारायण भंवरिया ने बताया कि भोपालराम बिश्नोई थाना क्षेत्र का सूचीबद्ध हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, हत्या और हत्या के प्रयास सहित कुल 14 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध धन से संपत्ति तैयार की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जब उसकी अचल संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाला गया, तो पाया गया कि मकान सरकारी भूमि पर बना हुआ है।

### राजस्व विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई

खींवसर तहसीलदार सुरेश कुमार ने बताया कि फरवरी के प्रथम सप्ताह में पुलिस की ओर से आरोपी की अवैध संपत्तियों की जांच के लिए पत्र प्राप्त हुआ था। इसके आधार पर हल्का पटवारी और आरआई की संयुक्त टीम ने पांचला सिद्धा स्थित बिश्नोईयों की ढाणी में मौके पर पहुंचकर सीमांकन और मुआयना किया। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होने पर धारा 91 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर 19 तारीख को बेदखली आदेश जारी किए गए। सोमवार सुबह प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

### अवैध संपत्तियों पर जारी रहेगी कार्रवाई

एसपी मृदुल कच्छावा ने कहा कि अपराधियों और तस्करों को आर्थिक रूप से कमजोर करने के उद्देश्य से यह रणनीति अपनाई गई है। अवैध गतिविधियों से अर्जित संपत्तियों की जांच की जा रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और अवैध धंधों से अर्जित संपत्ति किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और कानून के तहत कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# फसल खराबे के मुआवजे की मांग को लेकर कृषि मंत्री को भेजा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा, डीग।** भारतीय किसान संघ शाखा जुरहरा एवं जिला पदाधिकारीयों सहित क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को तहसील कार्यालय जुरहरा पर एकत्र होकर तहसीलदार जुरहरा मोहनलाल सियोल को कृषि मंत्री राजस्थान के नाम ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में गत दो वर्षो में अतिवृष्टि से खराब हुई खरीफ की फसल का मुआवजा किसानों को दिलाने की मांग की है। भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष हुकमसिंह यादव ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण वर्ष 2024 एवं 2025 में क्षेत्र में काफी संख्या में खरीफ फसल बर्बाद हो गई थी जिसके मुआवजे की मांग सरकार द्वारा स्वीकृत कर दी गई है लेकिन किसानों को अभी तक भुगतान नही मिला है। सोमवार को किसानों ने एकत्रित होकर कृषि मंत्री राजस्थान सरकार के नाम तहसीलदार जुरहरा को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द मुआवजा दिलवाने की मांग की गई है।

इस मौके किसान संघ जिला उपाध्यक्ष हुकमसिंह यादव गुरीरा, किसान संघ तहसील जुरहरा अध्यक्ष विद्यासागर साहू, मक्खन जांगिड, प्रेमचंद बामनी, धर्मसिंह गुर्जर, राजवीर गुर्जर पाई, कन्हैया शर्मा, सुन्दरसिंह, मुकुट बिहारी बामनी व दिलशाद ऊंचेडा सहित संघ के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# स्कूल-अस्पताल के पास शराब ठेका : ग्राम पंचायत हैदरीपुरा का प्रशासन पर सीधा हमला, 'तुरंत बंद करो वरना आंदोलन'

**पूर्व में ठेका दो बार हटाया-फिर राजनीतिक दबाव में बहाल,**

**बच्चों-महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा-पंचायत ने लिखित शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की पंचायत समिति मु अलीगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हैदरीपुरा में इन दिनों शराब के ठेके को लेकर बवाल गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत हैदरीपुरा के सरपंच प्रशासक शुभम मीना ने प्रशासन को लिखित शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि गांव के अंदर घनी आबादी, सरकारी चिकित्सालय और विद्यालय के पास शराब का ठेका संचालित किया जा रहा है, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है और बच्चों-महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है।

### दो बार हटाया-फिर किसके दबाव में वापस लौटा ठेका?

शिकायत में स्पष्ट उल्लेख है कि उक्त ठेके को पहले दो बार हटाया जा चुका है, लेकिन 'राजनीतिक दबाव' में दोबारा शुरू करा दिया गया। पंचायत ने सवाल उठाया है कि आखिर किसके संरक्षण में नियमों की अनदेखी कर ठेका फिर से चालू किया गया?

### खुलेआम शराबखोरी टोकने पर गाली-गलौच और झगड़े की नौबत

गांववासियों का आरोप है कि ठेके के आसपास लोग शराब पीकर उत्पात मचाते हैं, गाली-गलौच करते हैं और झगड़े की स्थिति बनती रहती है। इससे आमजन, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और महिलाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। पंचायत प्रशासन का कहना है कि यदि समय रहते ठेका बंद नहीं किया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### पंचायत का अल्टीमेटम

ग्राम पंचायत हैदरीपुरा ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी क्षेत्र और शैक्षणिक-चिकित्सीय संस्थानों के निकट संचालित ठेके को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। साथ ही, मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत हैदरीपुरा के सरपंच प्रशासक शुभम मीना सहित पंचायत जन प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि 'गांव की शांति और बच्चों का भविष्य किसी भी कीमत पर दांव पर नहीं लगाया जाएगा।'

### अब बड़ा सवाल

जब नियम साफ हैं तो आबादी और स्कूल-अस्पताल के पास ठेका कैसे? क्या प्रशासन राजनीतिक दबाव के आगे झुक रहा है, या फिर शिकायत के बाद भी आंखें मूंदे बैठा है? गांव की जनता जिम्मेदारों से जवाब चाहती हैं।

# अमृत भारत योजना के तहत मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन का 80% कार्य पूर्ण

### यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य अमृत भारत योजना के अंतर्गत तेजी से प्रगति पर है और लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। स्टेशन के तैयार होते ही यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यह स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल का एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं।



### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा स्टेशन

पुनर्विकास कार्य के तहत स्टेशन भवन को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। नए डिज़ाइन में आकर्षक प्रवेश द्वार, बेहतर प्रतीक्षालय, आधुनिक शौचालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं और साफ-सुथरा प्लेटफॉर्म शामिल हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल सूचना बोर्ड और बेहतर प्रकाश व्यवस्था की जा रही है।

### यातायात और क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा

मेड़ता रोड स्टेशन पश्चिमी राजस्थान के महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में से एक है। इसके उन्नयन से न केवल यात्रियों को आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्टेशन के बाहरी परिसर का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर परिवेश मिल सके।

### अमृत भारत योजना का उद्देश्य

भारतीय रेल द्वारा संचालित अमृत भारत योजना का उद्देश्य देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करना है। इस योजना के तहत स्टेशनों को यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।स्टेशन का शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण होने की संभावना है। पुनर्विकसित मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आकर्षक यात्रा केंद्र के रूप में उभरेगा।

# जिला जिमनास्टिक संघ टोंक में जयसिंह चौहान बने सचिव



स्मार्ट हलचल | टोंक

डॉ आरसी शर्मा ने बताया कि लक्ष्य एकेडमी महावीर पब्लिक स्कूल निवाई में जिला जिमनास्टिक संघ टोंक की जनरल काउंसलिंग की मीटिंग एवं चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्व सहमति से जय सिंह चौहान को सचिव पद पर मनोनीत किया गया और कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए डॉक्टर आरसी शर्मा उपाध्यक्ष दिनेश सैनी कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह कल्याण सह सचिव भास्कर पुरोहित मुकेश शर्मा राकेश कुमार सदस्य चुने गए।

इस अवसर पर राजस्थान जिमनास्टिक संघ की ओर से पर्यवेक्षक राधा किशन बेरवा चुनाव अधिकारी पप्पू लाल अग्रवाल वरिष्ठ खेल प्रशासक दुर्गा शंकर शर्मा के साथ सचिव जयपुर जिमनास्टिक संघ हितेश मृदुल के द्वारा चुनाव संपन्न कराए गए। इस अवसर पर संजय शर्मा पहले शर्मा अशोक कुमार शर्मा विनय जोशी आदि मौजूद थे।

# जिले के निवाई ब्लॉक मे मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना के प्रचार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** सहायक निदेशक,महिला अधिकारिता विभाग मैरिंगटन सोनी के निर्देशानुसार टोंक जिले के निवाई ब्लॉक मे मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना के प्रचार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज के अर्थ युग में आत्मनिर्भरता के आयाम भी बदले हैं। वर्क फ्रॉम होम योजना महिलाओं को उनके स्किल सेट के अनुसार घर बैठे काम मुहैया करवाने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। गृहणियां, कॉलेज छात्राएं, या ऐसी महिलाएं जो घर से दूर जाकर अपनी आय अर्जित करने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इस योजना में आवेदक और साथ ही नियोक्ता भी रजिस्टर करवा सकते हैं।



छोटे कुटीर उद्योगों यथा सिलाई, कढ़ाई, आचार बनाना से लेकर हाई-टेक कम्प्यूटिंग, टाइपिंग, कंटेंट राइटिंग जैसे उद्यम भी इस पोर्टल के माध्यम से दूरस्थ महिलाओं को उपलब्ध करवाए जा सकते हैं।आगे महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे काली बाई भील शिक्षा सेतु योजना, निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, तथा महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र एवं सखी वन स्टॉप सेंटर इत्यादि पर भी चर्चा की गई।आयोजन प्रज्ञा मोटवानी,पर्यवेक्षक,महिला अधिकारिता विभाग टोंक,पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र काउंसलर अरुणा शर्मा ,सविता गुर्जर,मंजू चौधरी एवं डीएचईडब्लू से जेंडर स्पेशलिस्ट भावना सक्सेना के सहयोग से आयोजित किया।

कार्यक्रम में सुनिता शर्मा, सामाजिक काउंसलर तथा नीतू विजय, विधिक काउंसलर, महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र, निवाई के साथ साथ अर्जुन देव,कॉर्डिनेटर एवं अनिता शर्मा बी.आई. सिकोईडेकोन, निवाई भी उपस्थित रहे।

# नागरिक कर्तव्यों पर विचार गोष्ठी का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** न्यू इंडिया ट्रस्ट एवं सत्यनगर, शिवपुरी विकास समितियो के संयुक्त तत्वाधान में वासुदेवपुरी स्थित शहीद मंगेज सिंह पार्क में किया गया जागरुकता विचार गोष्ठी का सफल आयोजन। विकास समिति के पदाधिकारीगणो के सहयोग से मौके पर ही न.वि.भा. टीम का गठन का आश्वासन दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान उम्मेद सिंह जी राजावत ने की एवं विशिष्ट अतिथि गणपत सिंह राठोड़, रमेश गुप्ता(पार्षद) एवं दिनेश अमन(पू.चेयरमेन न.नि.)रहे। गणपत सिंह ने अभियान का संदेश घर-घर पहुंचाने के लिए सभी को प्रेरित करते हुए संकल्प लिया। और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।न्यू इंडिया ट्रस्ट के सीईओ अनिल पारीक ने सभी लोगों से राष्ट्र के निर्माण हेतु अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय सक्सेना ने अनमोल मानव जीवन के लिए निजी जीवन प्रबंधन को आवश्यक बताया तथा इसे अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रतिनिधि महेंद्र जैन, पंकज सैनी, वीरेंद्र सिंह तथा वार्ड क्षेत्र के परमेश्वर सिंह,पाबूसिंह, बृजराज, भंवर लाल, प्रभा सिंह, बलवीर सिंह,जयदीप पारीक, राजेंद्र सिंह, भंवर सिंह, रविन्द्र सिंह,जीवराज सिंह,, मनमोहन, विजेंद्र सिंह, चैन सिंह, गोविंद सिंह, रामगोपाल सोनी, करन सिंह, ओमप्रकाश, लालाराम, राधेश्याम शर्मा, दीपेंद्र सिंह, निर्मल, भावना, निधी, प्रिया, लक्की, गणपत सिंह, ताराचंद के साथ ही वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने न्यू इंडिया ट्रस्ट टीम एवं झोटवाड़ा, मुरलीपुरा, तथा वैशाली नगर में चलाए जा रहे नया और विकसित भारत अभियान को सराहा ओर शुभकामनाएं दी।

# ईरान में बढ़ते तनाव के बीच भारत अलर्ट, नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह

स्मार्ट हलचल

तेहरान। भारत ने ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें वहां रहने वाले नागरिकों को जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी गई है। नागरिकों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। परमाणु कार्यक्रम पर समझौते को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एहतियात के तौर पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए यह सलाह जारी की है।

भारतीय दूतावास ने ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अपनी यात्रा का विवरण और दस्तावेज भी तैयार रखने को कहा है। इसके अलावा उन्हें दूतावास के साथ संपर्क में रहने को भी कहा गया है।

भारतीय दूतावास ने अपनी पिछली एडवाइजरी को दोहराते हुए ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों से अपील की है कि सभी लोग बदलती स्थिति पर नजर रखें और जल्द से जल्द उड़ानों और अन्य किसी भी विकल्प की मदद से ईरान छोड़ दें।

दूतावास ने इस एडवाइजरी की कॉपी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी साझा की है, जिसमें कहा गया है पांच जनवरी को भारत सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी की निरंतरता में और ईरान में बदलती स्थिति को देखते हुए, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों (जिनमें छात्र, व्यापारी, पर्यटक और तीर्थयात्री शामिल हैं) को उपलब्ध परिवहन साधनों का इस्तेमाल करते हुए तत्काल ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है। सभी भारतीयों से प्रार्थना है कि वे अपने ट्रैवल और इमिग्रेशन डॉक्यूमेंट्स, जिसमें पासपोर्ट और आईडी शामिल हैं, अपने पास ध्यान से रखें। उनसे रिक्वेस्ट है कि इस बारे में किसी भी मदद के लिए इंडियन एम्बेसी से कॉन्टैक्ट करें। बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच अभी तक न्यूक्लियर डील नहीं हो पाई है और उनके बीच अगले राउंड की बातचीत जल्द ही जिनेवा में हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, न्यूक्लियर डील पर अनिश्चितता के बीच अमेरिका ने ईरान के आसपास वॉरशिप और अपनी सेना की मौजूदगी और बढ़ा दी है, जिससे युद्ध जैसे हालात बन सकते हैं।

# लाम्बा जाटान-सोडास सड़क अधूरी

जलभराव से ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन ने जल्द समाधान का दिया भरोसा



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** निकटवर्ती लाम्बा जाटान से सोडास तक बन रही मुख्य सड़क का करीब एक किलोमीटर हिस्सा अधूरा पड़ा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर डामरीकरण नहीं होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है।

रविवार को समस्या से त्रस्त दोनों ग्राम पंचायतों के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य लाम्बा जाटान से एक किलोमीटर पहले और सोडास से एक किलोमीटर पहले तक अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।नाले के गंदे पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं होने से मुख्य मार्ग पर पानी भर जाता है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि शेष कार्य शीघ्र पूरा कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया बीजासन माता मंदिर में रोपवे का सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

स्मार्ट हलचल | बून्दी

जिले के इन्द्रगढ़ में माँ बीजासन माता मंदिर में 18 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले रोप-वे, 62 करोड़ रूपए की लागत से बने एवं बांसी-देई-खजूरी-करवर-इन्द्रगढ़ सड़क सहित 103 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सदियों से आस्था का केंद्र रहा यह बीजासन माता का मंदिर पूरे हाड़ौती और प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा का धाम है। रोप-वे बनने से बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नई सड़क से क्षेत्र की आवाजाही आसान हुई है, जिससे विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।




उन्होंने कहा की मेरा प्रयास है कि आस्था और विकास साथ-साथ आगे बढ़ें। पेयजल, सिंचाई, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार काम हो रहा है। माता बीजासन की कृपा से यह क्षेत्र सुख, समृद्धि और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे, इसी कामना के साथ सभी को शुभकामनाएँ दी ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ग्रामीणों की जन समस्या सुनी और उन्हें संबंधित अधिकारियों को समय पर जनसमस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए

इस अवसर पर पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती चन्द्र कांता मेघवाल, बूंदी जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव व कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री राजेन्द्र कहार, मीडिया प्रभारी दानमल कहार, सहित हजारों श्रध्दालु व कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मोजूद थे।

# शिक्षक संदीप जैन दिल्ली में अमृत कुम्भ सम्मान से सम्मानित

स्मार्ट हलचल



**टोंक/उनियारा।** जिले के उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के ककोड़ कस्बा निवासी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरदारपुरा में कार्यरत शिक्षक संदीप कुमार जैन को रविवार को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया हैं।

रविवार, 22 फरवरी को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थित सी.डी. देशमुख ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में उन्हें 'अमृत कुम्भ सम्मान 2025' से नवाजा गया हैं। यह सम्मान हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन (भारत सरकार के रक्षा एवं विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित) द्वारा हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। शिक्षकों के लिए आयोजित रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में उनकी रचना का चयन किया गया। समारोह में लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता एवं हिंदी भाषा आयोग के सदस्य डॉ. विजय कुमार सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। टोंक जिले के एक शिक्षक की इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत और स्थानीय ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# कैसे दक्षिणमुखी मकान में नहीं होता दक्षिण दोष

**वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा के मकान को कुछ परिस्थिति को छोड़कर अशुभ और नकारात्मक प्रभाव वाला माना जाता है। दरअसल, हर दिशा में कोई न कोई ग्रह स्थित है जो कि अपना अच्छा या बुरा प्रभाव डालता है। यह निर्भर करता है मकान के वास्तु, मुहल्ले के वास्तु और उसके आसपास स्थित वातावरण और वृक्षों की स्थिति पर।**

प्रत्येक ग्रह का अपना एक वृक्ष होता है। जैसे चंद्र की शनि से नहीं बनती और यदि आपने घर के सामने चंद्र एवं शनि से संबंधित वृक्ष या पौधे लगा दिए हैं तो यह कुंडली में चंद्र और शनि की युति के समान होते हैं जो कि विषयोग कहा गया है। आओ जानते हैं कि कैसे दक्षिणमुखी मकान में नहीं होता दक्षिण दोष?

- यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने द्वार से दोगुनी दूरी पर स्थित नीम का हराभरा वृक्ष है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।
- यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने मकान से दोगना बड़ा कोई दूसरा मकान है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।
- दक्षिणमुखी मकान का दोष खत्म करने के लिए द्वारा के उपर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र भी लगाना चाहिए।
- दक्षिण मुखी प्लाट में मुख्य द्वार आग्नेय कोण में बना है और उत्तर तथा पूर्व की तरफ ज्यादा व पश्चिम व दक्षिण में कम से कम खुला स्थान छोड़ा गया है तो भी दक्षिण का दोष कम हो जाता है।। बगीचे में छोटे पौधे पूर्व-ईशान में लगाने से भी दोष कम होता है।
- आग्नेय कोण का मुख्यद्वार यदि लाल या मरून रंग का हो, तो श्रेष्ठ फल देता है। इसके अलावा हरा या भूरा रंग भी चुना जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में मुख्यद्वार को नीला या काला रंग प्रदान न करें।
- दक्षिण मुखी भूखण्ड का द्वार दक्षिण या दक्षिण-पूरब में कतई नहीं बनाना चाहिए। पश्चिम या अन्य किसी दिशा में मुख्य द्वार लाभकारी होता हैं।
- यदि आपका दरवाजा दक्षिण की तरफ है तो द्वार के ठीक सामने एक आदमकद दर्पण इस प्रकार लगाएं जिससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति का पूरा प्रतिबिंब दर्पण में बने। इससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति के साथ घर में प्रवेश करने वाली नकारात्मक उर्जा पलटकर वापस चली जाती है।



# कैसा होना चाहिए घर का मुख्य द्वार

**घर के दरवाजे बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। कई बार हम मकान खरीदते वक्त या बनवाते वक्त यह ध्यान नहीं देते हैं कि किस प्रकार के दरवाजे लगाए जा रहे हैं। घर का मुख्य द्वार वास्तु अनुसार होता है तो कई समस्याएं स्वत: ही समाप्त हो जाती है। बेहतर होगा कि दरवाजा शीशम या सागौन की लकड़ी और धातु का बना हो। दरजावा किसी भी प्रकार सा टूटा फूटा या तिरछा नहीं होना चाहिए। द्वार के खुलने बंद होने में आने वाली चरमराती ध्वनि स्वरवेध कहलाती हैं जिसके कारण आकस्मिक अप्रिय घटनाओं को प्रोत्साहन मिलता है। आओ जानते हैं कि घर का मुख्य द्वार कैसा होना चाहिए।**

- एक सीध में तीन दरवाजे नहीं होना चाहिए।
- दरवाजे के भीतर दरवाजा नहीं बनाना चाहिए।
- एक पल्ले वाला दरवाजा नहीं होना चाहिए। दो पल्ले वाला हो।
- ऐसा दरवाजा नहीं होना चाहिए जो अपने आप खुलता या बंद हो जाता हो।
- घर का मुख्य द्वार बाहर की ओर खुलने वाला नहीं होना चाहिए।
- कुछ दरवाजे ऐसे होते हैं जिनमें खिड़कियां होती हैं ऐसे दरवाजों में वास्तुदोष हो सकता है।
- मुख्य द्वार त्रिकोणाकार, गोलाकार, वर्गाकार या बहुभुज की आकृति वाला नहीं होना चाहिए।
- मुख्य दरवाजा छोटा और उसके पीछे का दरवाजा बड़ा नहीं होना चाहिए। मुख्य दरवाजा बड़ा होना चाहिए।
- घर के ऊपरी माले के दरवाजे निचले माले के दरवाजों से कुछ छोटे होने चाहिए।
- घर में दो मुख्य द्वार हैं तो वास्तुदोष हो सकता है। विपरीत दिशा में दो मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए।




# क्या कोई युग लाखों वर्ष का होता है

**युग क्या होता है इस संबंध में 5 तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। दूसरी बात यह कि भारत के धार्मिक इतिहास को युगों की प्रचलित धारण में लिखना या मानना कितना उचित है? जैसे कि श्रीराम जी त्रैता में और श्रीकृष्ण जी द्वापर में हुए थे। इस तरह तो इतिहास कभी नहीं लिखा जा सकता है। इतिहास को तो तारीखों में ही लिखना होता है और वह भी तथ्य और प्रमाणों के साथ। आओ जानते हैं कि युग की 5 मान्यताएं।**

उल्लेखनीय है कि आपने सुना ही होगा मध्ययुग, आधुनिक युग, वर्तमान युग जैसे अन्य शब्दों को। इसका मतलब यह कि युग शब्द को कई अर्थों में प्रयुक्त किया जाता रहा है। मतलब यह कि युग का मान एक जैसी घटनाओं के काल से भी निर्धारित हो सकता है। तो क्या यह सही है या कि युग की धारणा कुछ और ही है?

## पहली मान्यता

युग के बारे में कहा जाता है कि 1 युग लाखों वर्ष का होता है, जैसा कि सतयुग लगभग 17 लाख 28 हजार वर्ष, त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष, द्वापर युग 8 लाख 64 हजार वर्ष और कलियुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का बताया गया है।

## दूसरी मान्यता

एक पौराणिक मान्यता के अनुसार प्रत्येक युग का समय 1250 वर्ष का माना गया है। इस मान से चारों युग की एक चक्र 5 हजार वर्षों में पूर्ण हो जाता है।

## तीसरी मान्यता

भारतीय ज्योतिषियों ने समय की धारणा को सिद्ध धरती के सूर्य की परिक्रमा के आधार पर नहीं प्रतिपादित किया है। उन्होंने संपूर्ण तारामंडल में धरती के परिभ्रमण के पूर्ण कर लेने तक की गणना करके वर्ष के आगे के समय को भी प्रतिपादित किया है। वर्ष को 'संवत्सर' कहा गया है। 5 वर्ष का 1 युग होता है। संवत्सर, परिवत्सर, इद्वत्सर, अनुवत्सर और युगवत्सर ये युगात्मक 5 वर्ष कहे जाते हैं। बृहस्पति की गति के अनुसार प्रभव आदि 60 वर्षों में 12 युग होते हैं तथा प्रत्येक युग में 5-5 वत्सर होते हैं। 12 युगों के नाम हैं- प्रजापति, धाता, वृष, व्यय, खर, दुर्मुख, प्लव, पराभव, रोधकृत, अनल, दुर्मति और क्षय। प्रत्येक युग के जो 5 वत्सर हैं, उनमें से प्रथम का नाम संवत्सर है। दूसरा परिवत्सर, तीसरा इद्वत्सर, चौथा अनुवत्सर और 5वां युगवत्सर है।

## चौथी मान्यता

ऋग्वेद के अन्य 2 मंत्रों से 'युग' शब्द का अर्थ काल और अहोरात्र भी सिद्ध होता है। 5वें मंडल के 76वें सूक्त के तीसरे मंत्र में 'नहुषा युगा मन्हारजांसि दीयथः' पद में युग शब्द का अर्थ 'युगोपलक्षितान कालान प्रसरादिसवनान अहोरात्रादिकालान वा' किया गया है। इससे स्पष्ट है कि उदय काल में युग शब्द का अन्य अर्थ अहोरात्र विशिष्ट काल भी लिया जाता था। ऋग्वेद के छठे मंडल के नौवें सूक्त के चौथे मंत्र में 'युगे-युगे विदध्यं' पद में युगे-युगे शब्द का अर्थ 'काले-काले' किया गया है। वाजसनेयी संहिता के 12वें अध्याय की 11वीं कंडिका में 'दैव्यं मानुषा युगा' ऐसा पद आया है। इससे सिद्ध होता है कि उस काल में देव युग और मनुष्य युग ये 2 युग प्रचलित थे। तैतिरीय संहिता के 'या जाता ओ वधयो देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा' मंत्र से देव युग की सिद्धि होती है।

## पांचवीं मान्यता

धरती अपनी धूरी पर 23 घंटे 56 मिनट और 4 सेकंड अर्थात 60 घटी में 1,610 प्रति किलोमीटर की रफ्तार से घूमकर अपना चक्कर पूर्ण करती है। यही धरती अपने अक्ष पर रहकर सौर मास के अनुसार 365 दिन 5 घंटे 48 मिनट और 46 सेकंड में सूर्य की परिक्रमा पूर्ण कर लेती है, जबकि चन्द्रमास के अनुसार 354 दिनों में सूर्य का 1 चक्कर लगा लेती है। अब सौरमंडल में तो राशियां और नक्षत्र भी होते हैं। जिस तरह धरती सूर्य का चक्कर लगाती है उसी तरह वह राशि मंडल का चक्कर भी लगाती है। धरती को राशि मंडल की पूरी परिक्रमा करने या चक्कर लगाने में कुल 25,920 साल का समय लगता है। इस तरह धरती का एक भोगकाल या युग पूर्ण होता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि लगभग 26,000 वर्ष बाद हमेशा ही उत्तर में दिखाई देने वाला ध्रुव तारा अपनी दिशा बदलकर पुनः उत्तर में दिखाई देने लगता है।



**धर्म शास्त्रों में भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। सूर्य उपासना से न केवल सुख-समृद्धि आती है, बल्कि यश भी बढ़ता है।**

# सूर्योपासना के समय जपें ये खास मंत्र

महिलाओं को रविवार और सोमवार को सूर्योपासना से घर में समृद्धि व गर्भवती महिलाओं को गुणी पुत्र की प्राप्ति होती है। बह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इन दिनों में खेजड़ी के पेड़ के नीचे प्रातः काल सूर्योपासना करते हुए इस मंत्र का 51 बार जाप करने से लाभ मिलता है-

नमः उग्राय वीराय सारंगाय नमो नमः।
नमः पद्मप्रबोधाय प्रचंडाय नमोस्तु ते।।
ओम आदित्याय नमः।

आत्मबल, बुद्धि, इन्द्रियों में सौम्यता, शिष्टता, काम, क्रोधादि शमन व मानसिक पीड़ा से मुक्ति के लिए इन महीनों में आने वाले हर रविवार को खेजड़ी के नीचे सूर्य के सामने बैठ इस मंत्र का 51 बार वाचन करें। पेड़ के नीचे की मिट्‌टी को लाकर घर में फेंकना शुभ होता है।

ओम नमः पूर्वाय गिरये पश्चिमायाद्रये नमः।
ज्योतिर्गणानां पतये दिनाधिपतये नमः।।
ओम सूर्याय नमः।

जिन महिलाओं को संतान सुख न हो, ऐसी महिलाओं को आंवले के पेड़ के नीचे अथर्ववेद के इस मंत्र का 101 बार जाप व सूर्य देव को जल सिंचन करने से संतान प्राप्ति सुख संभव है-

परिहस्त विधारय योनिं गर्भाय धातवे।
ओम भास्कराय नमः।

नीलें रंग के अपराजिता (विष्णुकान्ता ) नामक पौधे के नीचे इस मंत्र का जाप करने से घर के मुकदमेबाजी व न्यायालय में विजय, घर में समृद्धि व स्नायु तंत्र (नर्वस सिस्टम), चर्म रोग व श्वसन संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है। इस पौधे के न होने की दशा में पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर सूर्य को जल सिंचन कर इस मंत्र का 101 बार जाप करें -

ओम विश्वानिदेव सवितुः दुरितानि परांसुवः यद् भद्रं तन्नासुवः। सूर्य कृणोतु भेशजं चन्द्रमा वोपोच्छतु।।
ओम सूर्याय नमः।

दीर्घायु व हृदय संबंधी बीमारियों के लिए आश्विन व कार्तिक मास के प्रति रविवार बड़, ढाक, अशोक या सूर्यमुखी पौधे के नीचे आदित्य हृदय स्तोत्रम का पाठ करें या अथर्ववेद के इस मंत्र का 51 बार जाप करें -

उत सूर्योदिव एति पुरो रक्षांसि निजूर्वन।
ओम भानवे नमः।

कुशाग्र बुद्धि, इंटरव्यू में सफलता व शिक्षा से जुड़े पक्षों तथा वायु संबंधी रोगों के निवारण के लिए अथर्ववेद के इस मंत्र का पीपल के पेड़ के नीचे प्रातः काल हर रविवार इस मंत्र के जाप से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

यं जीवमष्नवामहै न स रिष्याति पुरुषः।
त्वं सूर्यस्य रश्मिभिस्त्वं नोअसियज्ञिया।।
ओम सूर्याय नमः।



# महाभारत काल में हुआ था गणेशजी का गजानन अवतार

**मोदक प्रिय श्री गणेशजी विद्या-बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता हैं तथा थोड़ी उपासना से ही प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें हिन्दू धर्म में प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के पूर्व उन्हीं का स्मरण और पूजन किया जाता है। गणेशजी ने तीनों युग में जन्म लिया है और वे आगे कलयुग में भी जन्म लेंगे।**

धर्मशात्रों के अनुसार गणपति ने 64 अवतार लिए, लेकिन 12 अवतार प्रख्यात माने जाते हैं जिसकी पूजा की जाती है। अष्ट विनायक की भी प्रसिद्धि है। आओ जानते हैं उनके द्वापर के अवतार गजानन के बारे में संक्षिप्त जानकारी।

- द्वापर युग में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं।
- द्वापर युग में गणपति ने पुनः पार्वती के गर्भ से जन्म लिया व गणेश कहलाए।
- परंतु गणेश के जन्म के बाद किसी कारणवश पार्वती ने उन्हें जंगल में छोड़ दिया, जहां पर पराशर मुनि ने उनका पालन-पोषण किया। ऐसा भी कहा जाता है कि वे महिष्मति वरेण्य वरेण्य के पुत्र थे। कुरुप होने के कारण उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया था।
- इन्हीं गणेशजी ने ही ऋषि वेदव्यास के कहने पर महाभारत लिखी थी।
- इस अवतार में गणेश ने सिंदुरासुर का वध कर उसके द्वारा कैद किए अनेक राजाओं व वीरों को मुक्त कराया था।
- इसी अवतार में गणेश ने वरेण्य नामक अपने भक्त को गणेश गीता के रूप में शाश्वत तत्व ज्ञान का उपदेश दिया।

# सुनसान जगह पर नहीं रहना चाहिए घर

हिन्दू पुराणों और वास्तु शास्त्र में कुछ जगहों पर एक सभ्य व्यक्ति को नहीं रहना चाहिए। यदि वह वहां रहता है तो निश्चित ही उसके जीवन और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। घर यह सुकून का नहीं है तो कैसे जीवन में सुकून आएगा। जैसे चौराहे, तिराहे, अवैध गतिविधियों वाली जगह, शोर मचाने वाली दुकान या फैक्ट्री आदि। इन्हीं में से एक है सुनसान इलाका। दरअसल, आप जहां रहते हैं उस स्थान से ही आपका भविष्य तय होता है। यदि आप गलत जगह रह रहे हैं तो अच्छे भविष्य की आशा मत कीजिये। आओ जानते हैं कि क्यों नहीं रहना चाहिए सुनसान जगह पर।

- दो तरह के सुनसान होते हैं एक मरघट की शांति वाले और दूसरे एकांत की शांति वाले। कई लोग एकांत में रहना पसंद करते हैं। इसके चलते वे सुनसान में रहने चले जाते हैं। सुनसान जगह पर रहने के कई खतरें हैं और साथ ही शास्त्रों में ऐसी जगहों पर रहने की मनाही है।
- भविष्य पुराण अनुसार आपका घर नगर या शहर के बाहर नहीं होना चाहिए। गांव या शहर में रहना ही तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षित होता है।
- यदि घर बहुत सुनसान स्थान पर या शरह-गांव के बाहर होगा तो जब भी आप घर से बाहर कहीं जाएंगे उस दौरान आपके मन और मस्तिष्क में घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।
- यह तो आप भी जाते होंगे कि सभी सुनसान स्थान पर अपराधी आसानी से अनिष्ट संबंधी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।
- दूसरी बात यदि शहर से दूर घर है तो रात-बिरात आने जाने में भी आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, भले ही आपके पास कार या बाइक हो।
- सुनसान जगहों को राहु और केतु की बुराई का स्थान माना जाता है। यहां पर घटना और दुर्घटना के योग बने रहते हैं।
- सुनसान जगहों पर नकारात्मक ऊर्जा और नकारात्मक विचार बहुत तेजी से पनपते हैं।
- जहां अस्पताल, विद्यालय, नदी, तालाब, स्वजन या मनुष्य की आबादी नहीं है वहां पर नहीं रहना चाहिए।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com